सतना
19 सितंबर 2024 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



टी20 विश्व कप ...
@ पेज 7

# महीनों पहले रची साजिश, नए पेजर्स में था विस्फोटक

● लेबनान में इजयरायल ने यूं मचाई तबाही, निशाने पर हिज्बुल्लाह सदस्य ● हर पेजर में 3 ग्राम विस्फोटक, सदस्यों को बांटे जाने का किया इंतजार

**बेरूत (एजेंसी)। बेरूत (एजेंसी)।** लेबनान में हुए पेजर धमाकों के बारे में बड़ा खुलासा सामने आया है। लेबनान के एक वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र के हवाले से रॉयटर्स ने दावा किया है कि इजरायली एजेंसी मोसाद ने इन पेजर्स में विस्फोटक लगाया था। रिपोर्ट कहती है कि मंगलवार को जिन पेजर में विस्फोट हुए उनको महीनों पहले हिजबुल्लाह ने ऑर्डर किया। ये 5,000 पेजर ताइवान में बने थे और सभी पेजर के अंदर थोड़ा-थोड़ा विस्फोटक था। एक पेजर में करीब तीन ग्राम विस्फोटक रखा गया था। कई सूत्रों ने रॉयटर्स को बताया है कि यह साजिश कई महीनों से चल रही थी। लेबनान के वरिष्ठ सुरक्षा सूत्र ने कहा कि हिजबुल्लाह ने ताइवान स्थित गोल्ड अपोलो को 5,000



बीपर का ऑर्डर दिया था। कुछ महीने पहले उनको ये ऑर्डर मिल गया था। अब जबकि देशभर में ये पेजर पहुंचे तो इनमें विस्फोट किया गया।
सूत्र ने कहा, मोसाद ने डिवाइस के अंदर एक बोर्ड लगाया, जिसमें विस्फोटक सामग्री थी और ये एक कोड प्राप्त करता है। इसका पता लगाना बहुत मुश्किल है। किसी भी डिवाइस या स्कैनर से इसे पकड़ा नहीं जा सकता है। जब उन्हें कोडिड मैसेज भेजा गया तो विस्फोटक एक्टिव हुए और 3,000 पेजर फट गए। एक अन्य सुरक्षा सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि नए पेजर में तीन ग्राम तक विस्फोटक था और महीनों तक रखे रहने के बावजूद हिजबुल्लाह इसका पता नहीं लगा सका। विस्फोट के बाद सामने आई पेजर की तस्वीरों में ताइवान की गोल्ड अपोलो कंपनी के मार्क मिले हैं। इसी साल फरवरी में हिजबुल्लाह ने एक युद्ध योजना तैयार की और मोबाइल की जगह पेजर के इस्तेमाल का फैसला लिया।

# पंजाब सीएम मान की चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तबीयत बिगड़ी

**सिक्योरिटी स्टाफ ने संभाला, गाड़ी में बैठाया, दिल्ली ले जाया गया**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के सीएम भगवंत मान की मंगलवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वह चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर विमान से उतरे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतरते ही भगवंत ने अपना संतुलन खोया था। इसके बाद मौके पर मौजूद सिक्योरिटी स्टाफ ने उन्हें संभाला और कुछ देर के लिए वहां मौजूद कुर्सी पर बैठाया। इसके बाद उन्हें पहले सीएम आवास चंडीगढ़ में लाया गया। वहां उन्हें ड्रिप लगाई गई। इसके साथ सीएम मान को दिल्ली के अपोलो अस्पताल ले जाया गया गया। डॉक्टर फिलहाल उनके हेल्थ अपडेट के बारे में कुछ भी जानकारी देने से मना कर रहे हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मायावती ने बढ़ाई बीजेपी-कांग्रेस की टेंशन

- 35 सीटों पर खेल बिगाड़ सकते हैं दलित वोटर
- इनेलो से गठबंधन कर जाटों को लुभाया

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा में बसपा सुप्रीमो मायावती बीजेपी और कांग्रेस दोनों की टेंशन बढ़ा सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह बीएसपी का परंपरागत वोट बैंक है, जो चुनाव में खेल बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। मायावती हरियाणा पर इसलिए भी फोकस कर रही हैं, क्योंकि यहां 21 फीसदी दलित वोट बैंक है। यही वो वोट बैंक है, जो



मायावती को हरियाणा में मजबूत दावेदार बनाता है। प्रदेश में दलित आबादी वंचित अनुसूचित जाति और अन्य अनुसूचित जाति के रूप में वर्गीकृत हैं। हालांकि बीएसपी को छोड़कर सभी राजनीतिक दल इन पर अपना हक जताते हैं, लेकिन पिछले 4 चुनावों के आंकड़ों पर नजर डालें तो राज्य में बीएसपी का वोट बैंक जरूर बढ़ा या घटा है। इसके अलावा विधानसभा की 17 सीटें आरक्षित हैं और राज्य की 35 सीटों पर दलित वोटरों का प्रभाव है। बीएसपी सुप्रीमो का टारगेट 17 और 35 सीटों पर है, जहां दलित वोटरों का प्रभाव है, ताकि हरियाणा में बीएसपी गेम चेंजर की भूमिका में रहे। हरियाणा की आबादी में दलितों की हिस्सेदारी 20.2 फीसदी है।

### खराब काम करने वालों को करेंगे सिस्टम से बाहर

- नितिन गडकरी ने अफसरों को लगाई फटकार, बोले- रोड तो बहुत बना लिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार वो इस वजह से चर्चा में हैं कि उन्होंने मंच से ही अफसरों को फटकार लगा दी। नितिन गडकरी ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के रखरखाव पर नाराजगी जाहिर करते हुए



मंच से अफसरों को फटकार लगाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने रोड तो बहुत बना लिए। अब खराब काम करने वालों को सिस्टम से बाहर करना है। गडकरी ने मंगलवार को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस के दुहाई इंटरजेंच पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पेरिफेरल रोड पर मैं बहुत दिनों के बाद आया हूं। हमारे रोड का काम बहुत अच्छा हुआ है, अब मेरी इच्छा है कि मेरे हाथ से बहुत लोग रिटायर हों, काम न कर पाएं। कुछ कॉन्ट्रैक्टर ब्लैकलिस्टेड हों, कुछ की बैंक गारंटी जब्त हो।

# अयोध्या के लिए जल्द शुरू होगी हेलीकॉप्टर सुविधा

**● साथ ही वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, लखनऊ और आगरा की कर सकेंगे यात्रा ● पहले आओ पहले पाओ स्कीम लागू, 40 प्रतिशत तक किराए में मिलेगी छूट**

**आगरा (एजेंसी)।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के हवाई दर्शन की इच्छा रखने वालों को अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हेलीकॉप्टर से वे धार्मिक नगरी अयोध्या के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें 45135 रुपये खर्च करने होंगे, लेकिन इसकी बुकिंग उन्हें 60 घंटे पहले करवानी होगी।
कंपनी ने पहले आओ पहले पाओ की स्कीम के तहत 40 प्रतिशत की छूट दी है। यात्री अयोध्या के साथ वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, लखनऊ और आगरा की यात्रा कर सकते हैं। सरकार के साथ करार करने वाली राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने सभी यात्राओं की रेट लिस्ट घोषित की है, जबकि यात्रा शुरू करने की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। आगरा भ्रमण पर आए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को हेलीकॉप्टर यात्रा कराने वाली कंपनी राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर से किराए की दरों की जानकारी ली। जिस पर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि आगरा हेलीकॉप्टर में 5 यात्रियों के बैठने की क्षमता रहेगी। एक यात्री अपने साथ 5 किलोग्राम तक का वजन ले जा सकता है। पहले आओ और पहले पाओ योजना के चलते 40 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



आगरा से अयोध्या श्रीराम के मंदिर के हवाई दर्शन करने के लिए 45135 रुपये खर्च करने होंगे। हेलीकॉप्टर सेवा अयोध्या से मथुरा, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज और आगरा के बीच चलेगी। हेलीकॉप्टर सेवा के लिए एत्मादपुर मदरा में 4.9 करोड़ से एक हेलीपैड बनाया है। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने हेलीकॉप्टर सेवा को हरी झंडी दिखाई थी, जबकि जनवरी 2019 में पीएम मोदी ने इसका शिलान्यास किया था। हेलीकॉप्टर सेवा को सरकार ने पीपीपी मॉडल पर राजस एयरो स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के साथ सरकार ने करार किया है। आगरा से अयोध्या/अयोध्या से आगरा का किराया 45135, समय 135 मिनट, दूरी 440 किमी, अयोध्या से गोरखपुर/गोरखपुर से अयोध्या किराया 13373, समय 40 मिनट, दूरी 126 किमी, अयोध्या से वाराणसी/वाराणसी से आयोध्या किराया 18388, समय 55 मिनट, दूरी 160 किमी, अयोध्या से लखनऊ/लखनऊ से अयोध्या किराया 15045, समय 45 मिनट, दूरी 132 किमी, अयोध्या से प्रयागराज/प्रयागराज से अयोध्या किराया 16717, समय 50 मिनट, दूरी 157 किमी और अयोध्या से मथुरा/मथुरा से अयोध्या किराया 45135, समय 135 मिनट, दूरी 456 किमी।

# वन नेशन वन इलेक्शन को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

*विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे, नवंबर-दिसंबर में आएगा बिल*

**अगले 100 दिन में निकाय चुनाव भी, आगे का सफर नहीं होगा आसान**







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में एक देश एक चुनाव को बुधवार को मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए एक कमेटी बनाई गई थी जिसके चेयरमैन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। कोविंद ने अपनी रिपोर्ट इस पर मोदी कैबिनेट को दी जिसके बाद उसे सर्वसम्मति से मंजूर कर दिया गया। हालांकि इसके बाद आगे का सफर आसान नही होने वाला है। इसके लिए संविधान संशोधन और राज्यों की मंजूरी भी जरूरी है, जिसके बाद ही इसे लागू किया जाएगा। एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट को नरेंद्र मोदी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है। माना जा रहा है कि अब केंद्र सरकार इसे शीतकालीन सत्र में संसद में लाएगी। हालांकि, ये संविधान संशोधन वाला बिल है और इसके लिए राज्यों की सहमति भी जरूरी है। 2024 के आम चुनाव में बीजेपी ने वन नेशन वन इलेक्शन का वादा किया था। मार्च में, राम नाथ कोविंद के नेतृत्व में पैनल ने अपनी 18,626 पेज वाली रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। कैबिनेट की ओर से हां के संकेत एक दिन पहले ही मिल गए थे, जब गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि एक राष्ट्र, एक चुनाव मोदी सरकार 3.0 के कार्यकाल के दौरान अगले पांच वर्षों के भीतर लागू किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में पहले फेज में 60 फीसदी वोटिंग

- किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23 फीसदी वोट पड़े

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले फेज के लिए बुधवार शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हो गई। बुधवार को 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत लगभग 60 फीसदी रहा। फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। शाम 5 बजे तक आए आंकड़ों के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23त्न और पुलवामा में सबसे कम 43.87 फीसदी वोटिंग हुई। आज 23.27 लाख वोटर्स को मतदान करना था। पहले फेज की वोटिंग को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने भी वोट डाले। उनके लिए कुल 24 स्पेशल बूथ बनाए गए थे। दिल्ली 4, जम्मू 19 और उधमपुर में 1 बूथ था। 2014 में पहले फेज में 22 सीटें पर हुई थी वोटिंग साल 2014 के विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज में दक्षिण कश्मीर की 22 सीटों पर चुनाव हुए थे।

## कोलकाता केस में डॉक्टरों का हड़ताल खत्म करने से इनकार

- ममता बनर्जी से फिर मीटिंग की मांग की, कहा-आधी जीत हुई, हेल्थ सेक्रेटरी इस्तीफा दें



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के जूनियर डॉक्टर्स ने हड़ताल खत्म करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ममता से एक और मीटिंग की मांग करते हुए चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत को ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है कि अभी तक सभी मांगें नहीं मानी गई हैं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टरों ने राज्य सरकार से पुलिस कमिश्नर और हेल्थे सेक्रेटरी को हटाने समेत 5 मांगें की थीं। इसके लिए वे 40 दिन से लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। 16 सितंबर को जूनियर डॉक्टर और ममता के बीच मीटिंग हुई थी। इसमें ममता ने डॉक्टरों की 5 में से 3 मांगें मान ली थीं। उन्होंने मंगलवार को पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल को पद से हटाया था। उनकी जगह मनोज वर्मा को कमिश्नर बनाया गया। बुधवार सुबह प्रदर्शन जारी रखते हुए डॉक्टरों ने कहा- अभी आधी जीत हुई। हेल्थ सेक्रेटरी एनएस निगम का इस्तीफा जरूरी है। अस्पतालों में थ्रेट कल्चर खत्म करने की मांग भी अभी नहीं मानी गई है। इसलिए सीएम से एक और मीटिंग की मांग की है।

## लैंड फॉर जॉब केस में लालू तेजस्वी के बाद तेजप्रताप फंसे

7 अक्टूबर को सभी को कोर्ट में पेश होना होगा, रेलवे कर्मचारी की मां को भी बुलाया

**पटना (एजेंसी)।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। प्वर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है।



# राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच, कांग्रेस का प्रदर्शन

**● रेल राज्य मंत्री समेत 4 नेताओं की पुलिस से शिकायत, अठावले बोले-राहुल का पासपोर्ट रद्द हो**

नई दिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी के खिलाफ हेट स्पीच देने वाले भाजपा और सहयोगी दल के नेताओं के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से शिकायत की। कांग्रेस नेता अजय माकन ने तुगलक रोड पुलिस स्टेशन में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू समेत 4 नेताओं की शिकायत की।

माकन ने कहा- जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, इसलिए कुछ लोग देश की शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस ने दिल्ली, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों में भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। उधर, कांग्रेस के विरोध के बीच राहुल के खिलाफ भाजपा और उसके एक अन्य सहयोगी नेता ने फिर बयान दिया। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की प्रतिष्ठा को गिराते हैं, उनका पासपोर्ट रद्द होना चाहिए। वहीं भाजपा सांसद अनिल बोंडे ने कहा- राहुल की जीभ काट लेनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रवनीत सिंह बिट्टू ने 15 सितंबर को कांग्रेस लीडर राहुल गांधी को आतंकवादी बताया।






## महिलाओं को हर महीने 2 हजार, 500 रुपए में सिलेंडर

- हरियाणा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया गारंटी पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपना घोषणापत्र (गारंटी पत्र) जारी कर दिया है। जिसमें कई गारंटियों की घोषणा की गई है। इन घोषणाओं में महिला, युवा, किसान और बुजुर्गों के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा कांग्रेस की महत्वपूर्ण गारंटियों की घोषणा पहले ही कर चुके हैं। जिसमें 500 रुपए में सिलेंडर, 2 लाख युवाओं को नौकरी प्रदान करना, बुजुर्गों को बुढ़ापा पेंशन 6 हजार रुपए देना शामिल है। हरियाणा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को पार्टी की सात गारंटियां गिनाईं। कांग्रेस का कहना था कि राज्य में अगर हमारी सरकार बनती है तो गरीबों को दो कमरे का मकान दिया जाएगा और हर महीने महिलाओं को 2 हजार रुपए दिए जाएंगे।



## चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का लोकार्पण किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय मंडला में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। जन औषधि केन्द्र में तीन हजार प्रकार की दवाईयां और तीन सौ प्रकार की सर्जिकल सामाग्री मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से देश के नागरिकों को पांच लाख रूपए तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर सेवाभाव के साथ काम करने की अपील की है। जिससे हमारे देश के नागरिक स्वच्छता को अपनाकर निरोग व स्वस्थ रह सकें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके मंगलवार को जिला चिकित्सालय में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी मौजूद थे। मंत्री उइके और सांसद श्री कुलस्ते ने उप स्वास्थ्य केंद्र और पं. जवाहरलाल नेहरू बालक माध्यमिक शाला महाराजपुर में झाड़ू लगाकर साफ सफाई की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने देश के यशस्वी प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र महाराजपुर और पं. जवाहर लाल नेहरू बालक माध्यमिक शाला महाराजपुर में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## अलीराजपुर में किया जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने आज अलीराजपुर से स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने अलीराजपुर में जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले को जन औषधि केन्द्र का वर्चुअल शुभारंभ कर जिले को सौगात दी है। उन्होंने कहा कि औषधि केन्द्र के माध्यम से आम नागरिकों को 2000 हजार से अधिक उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां प्राप्त होगी और 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण भी उपलब्ध होंगे जो गंभीर बीमारियों के उपचार में उपयोगी होंगे, जिनकी कीमत बाजार मूल्य से 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती होगी। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अनुपम सोच के कारण आज हर जरूरतमंद को कम कीमतों में दवा उपलब्ध होगी। निश्चित ही आदिवासी अंचलों के साथ- साथ शहरी क्षेत्रों के लोगों को भी जन औषधि केंद्र का लाभ मिलेगा । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम का प्रसारण मंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अलीराजपुर जिले के 2 हजार 5 सौ 41 हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, कलेक्टर डॉ. अभय अरविंद बेडेकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र सुनहरे सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## एक लाख से अधिक लोगों को मिला पक्का घर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) में शहडोल जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहाँ एक लाख 16 पात्र हितग्राहियों को पक्के घर की सौगात दे दी गई है। यहाँ की 23 ग्राम पंचायतें तो ऐसी हैं, जिन्होंने अपने सभी पात्र हितग्राहियों को इन आवास योजनाओं से लाभान्वित कर अपना शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। सरकार की मंशा के अनुरूप यहाँ हर पात्र व्यक्ति को पक्के घर के साथ-साथ पीएम उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाला सिलेन्डर, हर घर बिजली, हर घर नल से जल, गांव तक पहुंच रोड सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आहार एवं कौशल उन्नयन से जुड़ी सभी योजना लाभ भी दिया जा रहा है। शहडोल जिले में 31 अगस्त 2024 तक जनपद पंचायत ब्यौहारी में 18 हजार 753, जनपद पंचायत बुढ़ार में 25 हजार 394, जनपद पंचायत गोहपारू में 14 हजार 614, जनपद पंचायत जयसिंहनगर में 25 हजार 32 एवं जनपद पंचायत सोहागपुर में 16 हजार 223 आवास पूर्ण कर संबंधित हितग्राहियों सौंप दिये गये हैं। यहां अनुसूचित जनजाति वर्ग के 58 हजार 932 परिवारों, अनुसूचित जाति वर्ग के 9 हजार 255 परिवारों तथा अन्य वर्गों के 31 हजार 829 परिवारों के आवास पूरे कर लिये गये हैं। जिले की 23 ग्राम पंचायतों ने अपने सभी चिन्हित हितग्राहियों के आवासों का समय-सीमा में निर्माण पूरा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर ली है। यहां की 12 ग्राम पंचायतों ने 500 से अधिक पक्के घरों का निर्माण पूरा कर लिया है। ग्राम पंचायत कुंआ में सर्वाधिक एक हजार 29 आवास तैयार किये गये हैं।

# शहरी गरीबों की आर्थिक मजबूती के लिये नगरीय निकाय कल्याण की भावना से काम करें-मंत्री विजयवर्गीय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शहरी गरीबों की आर्थिक मजबूती के लिये पीएम स्वनिधि योजना शुरू की है। प्रदेश के सभी निकाय इस अभिनव योजना के माध्यम से शहरी गरीबों के हित में कल्याण भावना से कार्य करके अपनी साख मजबूत करे। उन्होंने कहा कि इस योजना में अच्छा प्रदर्शन करके मध्यप्रदेश ने देशभर में राज्य के नाम को गौरवान्वित किया है।

नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेन्शन सेंटर में पीएम-स्वनिधि योजना के अंतर्गत अवार्ड समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल भी मौजूद थे। पीएम स्वनिधि योजना में शहरी क्षेत्र



के स्ट्रीट वेंडर्स को तीन किस्तों में कार्यशील पूंजी ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है। पीएम स्वनिधि योजना में डिजिटल लेन-देन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि कोरोना काल में शहरों में रहने वाले निर्धन वर्ग के व्यक्तियों ने भारी आर्थिक संकट का सामना किया था।

इन दिक्कतों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना की शुरूआत की। उन्होंने अधिकारियों और बैंकर्स से अपील की कि वे संयुक्त रूप से प्रयास करके शहरी गरीबों को आर्थिक मदद पहुँचायें। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने इस मौके पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले बैंकर्स और निकायों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई, आयुक्त नगरीय विकास श्री भरत यादव एवं विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कलेक्ट्रेट कार्यालय में सफाई अभियान का हुआ आयोजन



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर' स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत पूरे प्रदेश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में भोपाल जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिले के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कलेक्ट्रेट परिसर में हुए सफाई अभियान में एडीएम, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर समेत अन्य अधिकारियों ने न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि स्वच्छता के महत्व को लेकर जागरूकता भी फैलाई। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है और यह सिर्फ एक दिन का काम नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास की मांग करता है।

अभियान के दौरान कचरे का उचित निपटान, धूल-मिट्टी की सफाई और अन्य सफाई कार्यों को अंजाम दिया गया। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों और नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें और स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## लोक स्वास्थ्य पीएचई सचिव श्री पी. नरहरि ने 8वें इंडिया वाटर वीक 2024 में की सहभागिता

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि ने भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित 8वें इंडिया वाटर वीक 2024 में हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में सचिव श्री नरहरी ने जल प्रबंधन, सतत विकास और स्वच्छ पेयजल उपलब्धता के विषय में अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर सचिव श्री नरहरि ने जल संरक्षण और प्रबंधन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, हमारा विभाग जल संरक्षण की दिशा में प्रभावी कदम उठा रहा है। समाज के हर वर्ग तक स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित



करना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हमें सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

उन्होंने विभाग की प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इंडिया वाटर वीक 2024 एक प्रमुख मंच है, जहां नीति निर्माताओं, विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं के बीच जल प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और उपायों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने स्वच्छता सेवा पखवाडा अंतर्गत ग्राम टिकटोली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वन विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद कराहल क्षेत्र के सफाई मित्रो को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री श्री रावत द्वारा पुरूष सफाई मित्रो को शॉल एवं श्रीफल भेटकर तथा महिला सफाई मित्रों को साडी भेंटकर सम्मानित किया गया। वन मंत्री श्री रावत ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है, इस अवसर पर उन्होने लोगों से व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ ही सामुदायिक स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की अपील की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत में ग्रामीणों द्वारा वन मंत्री श्री रावत का साफा बांधकर स्वागत किया गया तथा ग्रामीणों द्वारा काष्ठकला से निर्मित चीते की प्रतिकृति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने




ग्राम टिकटोली में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हितग्राही श्री चिम्मन आदिवासी के घर पहुंचकर गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर उन्होने प्रतीकात्मक रूप से नये घर की चाबी भी सौपी। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के तत्वाधान में आयोजित एक पौधा मॉ के नाम अभियान के तहत पौध-रोपण भी किया। इस अवसर पर उन्होने आम का पौधा लगाया। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अशोक, करंज, आम के पौधे लगाये गये।

## सितंबर माह का अंतिम सप्ताह मटर की अगेती किस्मों की बुवाई का उचित समय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि सोयाबीन, मूंग, उड़द व मक्का की फसल की कटाई शुरू होन जा रही है। जिन क्षेत्रों में सोयाबीन- मटर-गेहूं या सोयाबीन-मटर - ग्रीष्मकालीन मूंग फसल चक्र का उपयोग किया जाता है, उन क्षेत्रों में मटर की अगेती किस्मों की बुवाई करें। मटर की उन्नत किस्में शीघ्र पकने वाली किस्में आर्किल, जवाहर मटर-3, पंत मटर-2, पीएसएम-5, काशीनंदिनी, काशी अगेती हैं। ये बुवाई के 60 से 65 दिन में पहली तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती हैं। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि इनकी बुवाई सितंबर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक करें। मध्य अवधि में पकने वाली किस्में बोनविले, काशी शक्ति, जवाहर मटर-4, मटर-3 आजाद हैं। ये बुवाई के बाद लगभग 85 से 90 दिन में पहली तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती हैं। देरी से पकने वाली किस्में आजाद मटर-1, जवाहर मटर-2 हैं। ये बुवाई के बाद 100 से 110 दिन में पहली तुड़ाई के लिए तैयार होती हैं। मध्यम व देर से पकने वाली प्रजातियों की अक्टूबर के द्वितीय सप्ताह में बुवाई करें। बीज की मात्रा व उपचार... शीघ्र प्रजाति की बीज दर 100 से 120 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर, मध्यम व विलंब प्रजाति की बीज दर 80 से 90 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर रखें। बीज को बुवाई पूर्व फफूंदनाशक कार्बेन्डाजिम + मैन्कोजेब 2 ग्राम प्रति किलो बीज दर से उपचारित करें। उसके बाद राइजोबियम कल्चर 10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि खाद व उर्वरक अंतिम बखरनी के समय 15 से 20 टन प्रति हेक्टेयर अच्छी सड़ी गोबर खाद डालें व रासायनिक खाद यूरिया 40 किलोग्राम, सिंगल सुपर फास्फेट 375 किलोग्राम एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश 50 किलोग्राम बुवाई के समय दें।

# कूनो नेशनल पार्क में चीता एवं वाइल्ड लाइफ अस्पताल का लोकार्पण

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत ने सेंसईपुरा फॉरेस्ट परिसर में भारत में चीता पुनर्जीवन परियोजना के सफल दो साल पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चीता प्रोजेक्ट से श्योपुर जिले को विश्वभर में पहचान मिली है। चीता प्रोजेक्ट से जुडे अधिकारियों, वन्यप्राणी विशेषज्ञों, वन्य प्राणी चिकित्सकों एवं चीता मित्रों की कड़ी मेहनत तथा क्षेत्रीय नागरिकों की जागरूकता से कूनो नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट ने सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि कोर एरिया में पदस्थ स्टॉफ को विशेष सुविधाएं देने के लिए वन विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। श्री रावत ने कूनो नेशनल पार्क में 2 करोड 29 लाख रूपये की लागत से निर्मित चीता एवं वाइल्ड लाइफ अस्पताल का लोकार्पण किया। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ श्री



व्हीएन अम्बाडे, सदस्य एनटीसीए डॉ. जी.एस. भारद्वाज, सलाहकार चीता प्रोजेक्ट डॉ एसपी यादव, डायरेक्टर लायन प्रोजेक्ट श्री उत्तम शर्मा, सीसीएफ ग्वालियर श्री टीएस सुलिया, डीएफओ कूनो श्री आर थिरूकुराल सहित जन-प्रतिनिधि, चीता मित्र तथा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री रामनिवास रावत ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विशेष प्रयासों से भारत में चीता प्रोजेक्ट के माध्यम से चीतों को नया जीवन मिला है, श्री मोदी के आभारी हैं। उन्होंने चीता प्रोजेक्ट के दो साल सफल पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रोजेक्ट के लिए केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट को मध्यप्रदेश सरकार आगे बढ़ा रही है। वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रावत ने कहा कि अधिकारियों, वन्य विशेषज्ञों के साथ ही चीता मित्र इस प्रोजेक्ट की सफलता के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। चीता मित्र प्रकृति एवं प्राणियों का संरक्षण तथा पालन कर रहे है। आज 490 के लगभग चीता मित्र इस प्रोजेक्ट से जुडकर इसे सफल बनाने के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रावत द्वारा महिला चीता मित्रो को साडी भेंटकर सम्मानित किया गया, इस दौरान चीता प्रोजेक्ट का वार्षिक प्रतिवेदन भी रिलीज किया गया।

कार्यक्रम के दौरान चीता प्रोजेक्ट पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का ट्रेलर भी लांच किया गया। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ श्री व्हीएन अम्बाडे ने स्वागत में कहा कि चीता प्रोजेक्ट में कूनो नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 1235 वर्ग किलोमीटर से बढ़ाकर 1777 वर्ग किलोमीटर किया गया है। उन्होने कहा कि आज चीता प्रोजेक्ट के तहत भारत की जमीन पर पैदा हुए 12 शावक इस प्रोजेक्ट की सफलता को दर्शाते है।

# समाज स्वच्छ और स्वस्थ हो इसके लिये फिटनेस क्लब होंगे शुरू-मंत्री श्री सारंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि समाज स्वच्छ, स्वस्थ और तन्दूरूस्त हो इसके लिये फिटनेस क्लब की शुरूआत की जायेगी। मंत्री श्री सारंग ने मंगलवार को वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी के पास बड़े तालाब की सफाई कर स्वच्छता का संकल्प अभियान की शुरूआत की। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि बड़ा तालाब प्रकृति प्रदत्त उपहार है जो भोपाल की शान बढ़ाता है। यह तालाब खेल और पर्यटन के लिये भी उपयुक्त अवसर प्रदान कर रहा है। इसे स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिवस पर पूरे प्रदेश और देश में स्वच्छता और सेवा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता चर्चा का विषय बना और समाज



जागरूक हुआ।

स्वच्छ समाज ही स्वस्थ हो सकता है, अधिकतर बीमारियाँ अस्वच्छता से होती हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म-दिवस तक स्वच्छता पखवाड़ा चलेगा। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी प्रदेश स्तरीय स्वस्च्छता अभियान की शुरूआत की है। खेल विभाग भी 15 दिन तक विभागीय इन्फ्रास्ट्रेक्चर स्टेडियम और ऑफिस में भी वृहद रूप से सफाई अभियान चलायेगा। मंत्री श्री सारंग ने सेवा ही संकल्प अभियान की भी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिये सेवा के अलग-अलग प्रकल्प-पीड़ित, शोषित और बीमार व्यक्तियों की सेवा की जायेगी। समाज में फिटनेस के लिये संदेश देने की जरूरत है। इसके लिये फिटनेस क्लबों की शुरूआत होगी और सुनिश्चित किया जायेगा कि समाज स्वस्थ हो। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल और खिलाड़ी समाज को नई दिशा देते है। संयम और अनुशासन से ही खिलाड़ी सफल होता है। हर खेल को नियम कायदे और उसकी आचरण संहिता के साथ खेलना होता है। खेल का मैदान खिलाड़ी बनने के साथ-साथ देश के अच्छे और सच्चे नागरिक बनने की नर्सरी है। अनुशासित व्यक्ति ही सुखद परिणाम देता है। इसलिए युवाओं के जीवन में संयम और अनुशासन महत्वपूर्ण है। मंत्री श्री सारंग ने सफाई मित्रों का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों की मेहनत और लगन से ही शहर, प्रदेश और देश स्वच्छ है। उन्होंने सफाई मित्रों के साथ ग्रुप फोटो भी खिचवाया। श्री सारंग ने युवा खिलाड़ियों सहित सभी उपस्थित जनों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और सेवा ही धर्म की शपथ दिलवाई।

# अधिकारियों ने राजस्व मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## जबलपुर में नामांतरण मामले में तहसीलदार पर हुई कार्रवाई का किया विरोध

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी में बुधवार को जिले के एसडीएम को तहसीलदार हड़ताल पर रहे। इन्होंने राजस्व मंत्री के नाम सीधी कलेक्टर स्वरोंचिस सोमवंशी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बीते दिनों जबलपुर में तहसीलदार और अन्य कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई का विरोध जताया है।



**ये है पूरा मामला:** दरअसल, जबलपुर की आधारताल तहसील के तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे और पटवारी जागेंद्र पिपरे समेत 7 लोगों के खिलाफ 13 सितम्बर को एफआईआर दर्ज की गई थी। यह मामला अधिकारों के दुरुपयोग, सुनियोजित षड्यंत्र और कूट रचना कर भूमि नामांतरण आदेश पारित करने का है। जबलपुर कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर यह एफआईआर अनुभागीय राजस्व अधिकारी शिवाली सिंह ने विजय नगर थाने में दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों में कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपा दुबे, रविशंकर चौबे, अजय चौबे, हर्ष पटेल और अमिता पाठक के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। इसी कार्रवाई का विरोध सीधी जिले में एसडीएम, तहसीलदार कर रहे हैं।

**एसडीएम ने किया कार्रवाई का विरोध:** सीधी जिले में पदस्थ एसडीएम शैलेश द्विवेदी ने बताया कि जबलपुर के अंतर्गत अधारताल की घटना बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकार की कार्रवाई राजस्व विभाग के ऊपर नहीं होनी चाहिए। राजस्व विभाग में जितने भी प्रकरण आते हैं उसमें दो पक्ष होते हैं। जबलपुर में हुई कार्रवाई में एक पक्ष को नहीं सुना गया था। बल्कि दोनों पक्षों को सुनकर न्याय संगत फैसला दिया जाता है।

इसमें कभी-कभी कुछ ऐसे मामले होते हैं। जिसमें थोड़ी बहुत त्रुटि हो जाती है। इसीलिए अग्रिम कोर्ट बनाया गया है। जहां पर अपर अधिकारी उसे अपील को सुनते हैं और फिर उसमे सुधार करते हैं। इसलिए इस प्रकार की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए थी।

## जान बचाने के लिये चलते आटो से कूदी युवती, हुई लहुलुहान



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** बुधवार की दोपहर सूनसान क्षेत्र में आटो चालक द्वारा बेहोशी का स्प्रे डाल कर अपहरण करने का संदेह लिये तेज रफ्तार चल रहे आटो से युवती जान बचाने के उद्देश्य से भयवश छलांग लगा दी, गनीमत रही कि गंभीर चोंटे नही आई हैं। स्थानीयजनो की मदद से आरोपी को पकड़ कर जमोड़ी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बृजेश कुमार रजक पिता सीबी रजक गरगिल अमरवाह सीधी आटो चालक द्वारा किसी नशीले स्प्रे की मदद से बेहोश कर अपहरण करने का प्रयास किया गया। जिसके भय से युवती सीधी मझौली मार्ग में पनवार नहर के समीप कूद पड़ी और हल्ला गुहार होने पर स्थानीयजनो की मदद से आटो चालक को वाहन समेत जमोड़ी थाना में पहुँचाया गया है। वहीं उक्त प्रकरण में आटो चालक का कहना है कि वह जमोड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित विद्यालय से दो युवतियों को बिठाकर गंतव्य की ओर रवाना ही हुआ था कि उसे आटो में किसी सीसी की आवाज सुनाई पड़ी जिसे वह उठा कर विद्यालय की शिक्षिका से सवाल किया कि क्या यह आपका है। बस इतने में ही आटो में सवार दो युवतियों में से एक ने चलते आटो से छलांग लगा दी, जिसके चलते वह लहुलुहान हो गयी है वहीं आटो में सवार दूसरी शिक्षिका पूरी तरह से सुरक्षित बताई जा रही है। जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने बताया कि पीड़िता को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया है, जॉच विवेचना जारी है।

जबलपुर में तहसीलदार पर हुई एफआईआर का विरोध

## पन्ना में तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** जबलपुर में तहसीलदार पर हुई एफआईआर के विरोध में पन्ना जिले के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद अधिकारी अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल पर चले गए है।



अधिकारियों ने मामले की वापस जांच कर एफआईआर रद्द करवाने की मांग की। अधिकारियों के हड़ताल में जाने के बाद से अब जिले के सभी तहसील कार्यालयों के कामकाज प्रभावित होंगे।

**आधारताल तहसीलदार पर कार्रवाई का कर रहे विरोध:** दरअसल, जबलपुर के आधारताल के तत्कालीन तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे पर निजी भूमि के राजस्व न्यायालय के नामांतरण प्रकरण में जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। इसके बाद से ही क्षेत्र के तहसीलदार और नायब तहसीलदार इसका विरोध कर रहे हैं।

बुधवार को मप्र राजस्व अधिकारी (प्रशासनिक सेवा संघ) के बैनर तले जिलाध्यक्ष और पन्ना तहसीलदार अखिलेश प्रजापति के नेतृत्व में पन्ना एसड़ीएम कार्यलय पहुंचकर राज्यपाल और राजस्व मंत्री के नाम ज्ञापन दिया।

जिसमें बताया गया कि तत्कालीन तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे के विरुद्ध निजी भूमि के राजस्व न्यायालय के नामांतरण प्रकरण में जिला प्रशासन ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके विरोध में 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

## सरकारी स्कूल में कबाड़ मिला था, एसी ट्राइबल ने हेडमास्टर को किया सस्पेंड, बीएसी और सीएसी को नोटिस जारी

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** सरकारी स्कूल के कमरे में अवैध कबाड़ रखने के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। एसी ट्राइबल ने प्राइमरी स्कूल ईंटाभट्ठा के इंचार्ज हेड मास्टर मोहनदास पनिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं लापरवाह बीएसी सहित सीएसी समेत स्व सहयता समूह को नोटिस जारी कर तलब किया है।




**एक दिन पहले स्कूल में कबाड़ रखने का खुलासा हुआ था:** दरअसल, जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में 3 दिन से लापता एक युवक का शव मिलने के बाद भड़के परिजनों सहित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दुकानों सहित कुछ गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था। उनका आरोप था की क्षेत्र में कबाड़ का संचालन कर रहे एक शख्स के चलते युवक के मौत हुई है। इस दौरान विरोध कर रहे लोगों ने इस बात का भी खुलासा किया कि उक्त कबाड़ी ने शासकीय स्कूल के एक कमरे में कबाड़ रखकर व्यापार का संचालन कर रहा था। मामला उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की है।

**लोगों ने अधिकारियों को दी थी जानकारी:** परिजनों ने विरोध स्थल के पास संचालित शासकीय प्राथमिक विद्यालय ईटाभट्ठा के एक कमरे में कबाड़ रखकर वहां से व्यापार का संचालन करने की जानकारी मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को दी थी।

**प्रधानाचार्य सस्पेंड:** मौके पर पहुंच अधिकारियों ने जब इस बात की तस्दीक की तो देखा की स्कूल के के कमरे में कबाड़ रखा है, जिसे जब्त कर स्कूल के प्रभारी प्रधानाचार्य मोहन दास पनिका को असिस्टेंट कमिश्नर आदिम जाति कल्याण विभाग आनंद राय सिन्हा ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

**प्रधानाचार्य बोले- मुझे मामले की जानकारी नहीं थी:** स्कूल में कबाड़ रखकर व्यापार का संचालन स्कूल में होने के मामले में प्रधानाचार्य मोहन दास पनिका का कहना था कि उन्हें इस बात की बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी कि स्कूल के कमरे में कबाड़ रखा है और उसका संचालन भी हो रहा था।

मामले में असिस्टेंट कमिश्नर आदिम जाति कल्याण विभाग आनंद राय सिन्हा ने कहा कि मामला संज्ञान आने के बाद तत्काल प्रभाव से प्रभारी प्राचार्य को निलंबन की कार्रवाई की है। आगे की कार्रवाई डीपीसी अपने स्तर पर करेंगे।

## 72.5 बच्चे और 55.8 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** ऋषिकेश फ़ाउण्डेशन द्वारा सीधी की तबियत रिपोर्ट जारी की गयी है। ये रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आँकड़ों के विश्लेषण पर आधारित बताई जा रही है। सीधी की तबियत जाँचने के लिए सीधी के स्वास्थ्य आँकड़ों की तुलना मध्य प्रदेश और भारत के स्वास्थ्य आँकड़ों से की गयी है। इस अध्ययन से बेहद चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। सीधी जिला चिकित्सालय का मुख्य द्वार सुरक्षित मातृत्व का आश्वासन देता है। कम उम्र में विवाह 20.24 वर्ष की आयु की 23 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 वर्ष से पहले हो गई थी। प्रसव पूर्व देखभाल केवल 39.4: माताओं को कम से कम चार प्रसव पूर्व चिकित्सकीय दौरे मिल सके। एनीमिया दर 72.5 प्रतिशत बच्चे 6.59 महीने और 55.8प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित बताई गयी हैं। ऋषिकेश फ़उण्डेशन के प्रवक्ता सचिन पाण्डेय ने कहा है कि भारत सरकार के ये आँकड़े जिला चिकित्सालय के सुरक्षित मातृत्व के आश्वासन पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। इस रिपोर्ट से साफ़ ज़ाहिर है कि सीधी में महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति बहुत गम्भीर है, ख़ासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसका दीर्घ कालिक समाधान जब होगा तब होगा परंतु तत्काल रूप से कुछ उपाय ज़रूरी हैं। एक उपाय ये है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित महिला स्वास्थ्य शिविर लगाया जा सकता है।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा 22 सितंबर को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रदेश के समस्त जिलों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्क व्यक्ति जो औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए एवं औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने की उम्र पार कर चुके है, उनकी निरक्षरता उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुसार वर्ष 2022 से 2027 तक के लिए 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है।



नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व में मार्च 2023, सितंबर 2023 एवं मार्च 2024 में साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। जिसके आधार पर 22 सितम्बर 2024 को आयोजित परीक्षा के लक्ष्य तय किये गये है। उक्त परीक्षा में विकासखण्डवार लक्ष्य सीधी में 10431, सिहावल में 7080, रामपुर नैकिन में 6782, मझौली में 4303 एवं कुसमी में 2048 दिया गया है।

उक्त मूल्यांकन परीक्षा में वे नवसाक्षर शमिल हो सकेंगे जो एन.आई.एल.पी. एप के माध्यम से ऑनलाइन सर्वे द्वारा चिन्हांकित किये गये हैं तथा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा तैयार की गई उल्लास अक्षर पोथी प्रवेशिका से अध्ययन कर चुके है। इसके साथ ही साक्षरता मिशन के अंतर्गत संचालित कक्षाओं के ऐसे शिक्षार्थी जिन्होने प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता प्राप्त की हो तथा प्रमाणीकरण नही किया जा सका हो वे भी इस मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। ऐसे व्यक्ति जो पूर्व शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं तथा उनके पास किसी प्रकार का प्रमाणीकरण नही है वे भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। असाक्षरों को पढ़ाने हेतु ''इच वन टीच वन'' का सिद्वांत भी रखा गया, डाइट के छात्राध्यापकों एवं विद्यालय के छात्रों का भी इसमें सहयोग लिया गया है तथा इन्हे भी उक्त परीक्षा में सम्मिलित किया जाना है।

दो दोस्तों में विवाद के बाद हुई चाकूबाजी

## घायल युवक रीवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती, आरोपी युवक गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** ब्यौहारी में दो दोस्तों के बीच हुए विवाद में चाकू बाजी की घटना घटित हुई है। जिसमें एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल युवक का उपचार रीवा मेडिकल अस्पताल में जारी है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया और मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई कर आरोपी युवक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि सिराज मंसूरी और हैप्पी द्विवेदी दोनों आपस में अच्छे दोस्त हैं। मंगलवार रात को किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा शुरू हो गया और हैप्पी द्विवेदी ने सिराज मंसूरी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे सिराज की कमर में गंभीर चोट आई। वारदात के बाद आरोपी हैप्पी मौके से फरार हो गया।

**स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल:** इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ पड़े युवक को उठाकर सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी लगने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल युवक का बयान दर्ज किया।

## सांसद-विधायक ने झाड़ू लगा कर दिया स्वच्छता का संदेश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** भारती जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा मना रही है, जिसके अंतर्गत लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा एवं सीधी विधायक रीती पाठक ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्थानीय गोपाल दास मंदिर मे झाड़ू लगाकर परिसर की स्वच्छता करए स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान, मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी, जनपद अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुधीर शुक्ला, विश्व बंधु धर द्विवेदी, अमित प्रधान, सुरेंद्र मणि दुबे, अजीत पाण्डेय, पूनम सोनी, पुन्नू खान, उमाशंकर यादव, पंकज पांडे मुनिराज विश्वकर्मा, राकेश सिंह, हीरालाल कोरी, संगीता सिंह, राम सजीवन जायसवाल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# हनुमानगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित

## प्रभारी मंत्री ने 45 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी प्रवास के दौरान प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल मंगलवार को हनुमानगढ़ में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम से पूर्व उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय चंद्र प्रताप तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र वितरित किए तथा इसके पूर्व वह प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए।





इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में समृद्धि लाने का काम कर रही है। हमारी सरकार अंत्योदय का ध्येय लेकर कार्य करती है। समाज के सबसे अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। प्रदेश के गांवों का विकास हो, वह सभी आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता हो। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों का सहजता से मिले यह हमारी जिम्मेदारी है। योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी रखें जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के हितलाभ से वंचित नहीं रहे।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने हरिजन बस्ती में पी.सी.सी. सड़क निर्माण लागत 05 लाख रूपये, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत 20 लाख रूपये एवं आदिवासी बस्ती में पंचायत भवन से जोगियान बस्ती तक सुदूर सड़क निर्माण 20 लाख रूपये का शिलान्यास किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा समय-सीमा का ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जनों से सच्चे मनोभाव से स्वच्छता ही सेवा अभियान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनाने से हम बीमारियों से दूर रहेंगे, स्वस्थ रहेंगे। स्वच्छता से ही हमारे जीवन में खुशहाली आती है। इस अवसर पर उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन अभियान से जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने उपस्थित लोगों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभूतपूर्व समर्थन के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी के पक्के आवास के सपने को पूरा करने के लिए बजट में 3 करोड़ नए प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रावधान किया है। जल्द ही शेष बचे लोगों के पक्के आवास का सपना पूरा होगा।

पूर्व विधायक शरदेंदु तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों को विस्तार के साथ बताया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र के विकास तथा लोगों की मदद के लिए सक्रिय होकर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी श्री शैलेश द्विवेदी, एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह चौहान, के के तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं संजीव पाठक (SANJEEV PATHAK) पिता सुरेन्द्र प्रसाद पाठक (SURENDRA PRASAD PATHAK) 394, वार्ड 09, सुंदरनगर बोदाबाग, हुजूर, रीवा, इंजीनियरिंग कालेज म.प्र. 486002 का निवासी हूं। यह कि मेरी अंकसूची में मेरा नाम संजीव कुमार पाठक पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद पाठक दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संजीव पाठक (SANJEEV PATHAK) पिता सुरेन्द्र प्रसाद पाठक (SURENDRA PRASAD PATHAK) लिखा हुआ है जो कि सही व सत्य है। कृपया मुझे संजीव पाठक (SANJEEV PATHAK) पिता सुरेन्द्र प्रसाद पाठक (SURENDRA PRASAD PATHAK) के नाम से ही जाना, समझा, लिखा व पढा जाये।

संजीव पाठक (SANJEEV PATHAK)

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धीरेंद्र कुमार मिश्र पिता श्री कौशल किशोर मिश्र ग्राम गहिलवार पोस्ट हरदोली तह. जवा जिला रीवा (म.प्र.) का मूल निवासी हूं।

यह कि मेरे पुत्र ध्रुव मिश्रा के केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 रीवा के समस्त दास्तवेजो में मेरा नाम धीरेन्द्र मिश्र अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र ध्रुव मिश्रा के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम धीरेन्द्र कुमार मिश्र लिखा है जो की सत्य है।

अत: आज दिनांक से मेरे पुत्र ध्रुव मिश्रा के केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 रीवा में मेरा नाम धीरेन्द्र कुमार मिश्र लिखा पढ़ा व जाना जाए।

# विचार

## गुरुग्राम के जलग्राम बनने की वजह

बीते तीन साल में सौ करोड़ खर्च हो गए, लेकिन हर बारिश के साथ दुनिया में मशहूर औद्योगिक शहर गुरुग्राम की जलभराव की समस्या गहराती जा रही है। इस साल तो गुरुग्राम एक दर्जन बार शहर में पानी भरने के कारण बेहाल हो चुका है। मामला केवल गुरुग्राम का नहीं है; यहां काम करने के लिए आने-जाने वाले पूरे दिल्ली एनसीआर के लोग प्रभावित होते हैं। चौड़ी सड़कों, गगनचुंबी इमारतों और दमकती रोशनी के बावजूद, थोड़ी-सी बारिश के बाद पानी का ठहराव और जाम लाचारी की स्थिति पैदा कर देते हैं। हर बार कई घंटे के जाम के कारण गुरुग्राम को कई सौ करोड़ का घाटा उठाना पड़ता है। सबसे बड़ी बात, अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं का इस शहर के प्रति विश्वास डगमगाता जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। बीते एक दशक में गुरुग्राम में ढेर सारे फ्लाई ओवर, अंडर पास, चौड़ी सड़कें बनीं, लेकिन इंद्र की थोड़ी-सी कृपा इंजीनियरों के तकनीक कौशल पर कालिख पोत देता है। इसके ठीक विपरीत बूंद-बूंद पानी को तरसने वाले गुरुग्राम वासी बरसात की आशंका से ही कांप जाते हैं। इस साल जल भराव के कारण कोई ग्यारह बार गुरुग्राम में कई-कई किलोमीटर लंबा जाम लग चुका है। महकमे इसके निदान के लिए और अधिक निर्माण करने की सिफारिश करते हैं लेकिन इस समस्या के मूल में प्रकृति से छेड़छाड़ पर बात करने से बचते हैं। अचानक तेज और अप्रत्याशित बरसात हो जाना या फिर नाले-सीवर साफ न होना जैसे कारण तो देश के हर शहर को बरसात में लज्जित कर ही रहे हैं, लेकिन गुरुग्राम के डूबने का असल कारण तो यहां के कई नदी-नालों को गुम कर वहां कंक्रीट का जंगल खड़ा करना है। असल में इस जल जमाव व उससे उपजे जाम का कारण गुरुग्राम की बेशकीमती जमीन और उसको हड़पने के लोभ में कब्जाई गई वे जमीनें हैं जो असल में अधिकतम बरसात में भी पानी को अपने में समा कर नजफगढ़ झील तक ले जाने का प्राकृतिक रास्ता हुआ करती थीं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यमुना नदी के बाद सबसे बड़े जल क्षेत्र को हमने कुछ ही दशकों में सुखा दिया और उस पर सीमेंट के जंगल रोप दिए, फिर जो लोग बसे उनके घर व रोजगार के ठिकानों से निकला गंदा पानी भी इसमें ही जुड़ता गया। अब सरकार खुद कहती है कि वह झील या 'वाटर बॉडी' थोड़े ही है, वह तो महज बारिश आने पर जमा पानी का गड्ढा है। यह दर्दनाक कथा है कभी दिल्ली ही नहीं देश की सबसे बड़ी झील, जल-क्षेत्र और वेट लैंड की।

# चुनौतियों को चुनौती देकर उन पर विजय हासिल करने वाले को नरेंद्र मोदी कहते हैं

**नीरज कुमार दुबे**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन पर चारों ओर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। हर कोई यही प्रार्थना कर रहा है भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए माँ भारती प्रधानमंत्री मोदी को और शक्ति व सामर्थ्य प्रदान करें। वर्ष 1950 में 17 सितंबर के दिन एक साधारण परिवार में जन्मे नरेन्द्र दामोदर दास मोदी का सत्ता के शीर्ष पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छा शक्ति और अपनी मंजिल तक पहुंचने का जज्बा हो, तो वह मुश्किल से मुश्किल हालात को आसान बनाकर अपने लिए नये रास्ते बना सकता है। हम आपको बता दें कि 26 मई 2014 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलायी थी।**



पांच बरस बाद 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर लोकसभा चुनाव जीता और उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की। इस साल नौ जून को उन्होंने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, जिसके बाद मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति हो गए हैं। मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिन्होंने आजाद भारत में जन्म लिया था। देखा जाये तो देश को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने वाले, देश को गुलामी की मानसिकता से निजात दिलाने वाले, मुश्किल से भी मुश्किल समय में देश को कुशल नेतृत्व देने वाले, बात महामारी की हो या आतंकवाद की...रणनीति और साहस के साथ उनका खात्मा करने वाले, विस्तारवादी ताकतों की सारी हेकड़ी निकालने वाले, देश को अगले 25 सालों के लिए नव-संकल्प दिलाकर सबको साथ लेकर, सबको विश्वास में लेकर आगे बढ़ाने वाले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कौशल की आज पूरी दुनिया कायल है। मोदी है तो मुमकिन है, यह कोई महज चुनावी नारा नहीं बल्कि आश्वस्ति का वह भाव है जो देश की जनता के मन में है। देश की जनता सिर्फ इसी बात से निश्चिंत है कि मोदी हैं तो हमारे देश की संप्रभुता और अखण्डता को कोई आंच नहीं आ सकती। जनता बार-बार देख चुकी है कि %कोई भारत को छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं% यह बात सिर्फ मोदी कहते भर नहीं हैं इसे समय-समय पर हकीकत भी बना कर दिखाते हैं। गुजरात के वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर वर्ल्ड स्टेज पर दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक और एक बार फिर ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में सबसे आगे रहने तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बड़ी रोचक और प्रेरणादायक रही है। नरेंद्र मोदी इस मामले में पहले प्रधानमंत्री हैं जिसने गरीबी को सबसे करीब से देखा है। जिसकी माँ दूसरों के घरों में काम करती हो, जिसने खुद कभी रेलवे स्टेशन पर चाय बेची हो, जिसने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा दो जोड़ी कपड़ों में गुजारा हो, जिसने हिमालय की चोटियों पर बरसों संन्यासी के रूप में गुजारे हों, जिसने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को ऐसा चमकाया हो कि दुनिया भारत के इस राज्य की चकाचौंध से जुड़ने के लिए खुद आतुर हुई हो, जिसने प्रधानमंत्री के रूप में भारत को गरीबी और निराशा की स्थिति से निकाला हो और जो देश को एकजुट कर %नये भारत% और %विकसित भारत% की परिकल्पना साकार करने के लिए निकल पड़ा हो, उस हस्ती का देश-दुनिया वंदन कर रही है। वाकई ऐसे जुझारू, कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ, भारत की संस्कृति के प्रचारक और राष्ट्रभक्त जनसेवक बिरले ही होते हैं। अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की लगभग समाप्ति कर कश्मीरी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की बात हो या फिर पूर्वोत्तर क्षेत्र में उग्रवाद और कुछ राज्यों में आधार रखने वाले माओवाद पर काबू पाने की बात हो, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में पूर्णतः शांति बनी हुई है और हर जगह सिर्फ कानून का राज है। नरेंद्र मोदी को जनप्रतिनिधि के रूप में विभिन्न पदों पर रहते हुए 21 साल से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन देखिये उनके पास अन्य नेताओं की तरह ना तो आलीशान बंगला है, ना ही बड़े-बड़े बैंक बैलेंस हैं और ना ही चमचमाती कारें हैं। हाँ, उनके पास भारत की जनता का प्यार जरूर है तभी तो चुनावों के समय जनता खुद ही नारा लगाती है- नमो नमो, मोदी मोदी, मोदी है तो मुमकिन है हर हर मोदी घर घर मोदी लेकिन भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश को जो बड़े नारे या फिर कहिये सूत्रवाक्य दिये वह हैं- एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास। नरेंद्र मोदी ने अपने लिए बड़ा घर बनाने की जगह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रिकॉर्ड संख्या में जरूरतमंदों के सिर पर छत प्रदान की। नरेंद्र मोदी ने सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र या अपने गृहराज्य की चिंता करने की बजाय देश को समान रूप से विकास की ऐसी ढेरों परियोजनाएं प्रदान कीं जिससे नये भारत का निर्माण चारों ओर होता दिख रहा है।

भारत का पहला वॉर मेमोरियल, सेंट्रल विस्टा परियोजना, नया संसद भवन, नये संसद भवन में हमारा सेंगोल, भारत मंडपम, यशोभूमि आदि राष्ट्र इमारतें मोदी के कार्यकाल में ही साकार हुईं। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, स्वच्छ भारत, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, सीडीएस, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया अभियान, नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के वादे भारत में बरसों से सुने जाते थे लेकिन यह सब साकार मोदी सरकार के कार्यकाल में ही हुए। यही वह सरकार है जिसने उद्योगों को मजबूती प्रदान करने के लिए तमाम कदम उठाये, उद्योगों की स्थापना संबंधी प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया, मंजूरियां प्रदान करने की प्रक्रिया को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया, युवाओं को रोजगार पाने की जद्दोजहद में जुटने की बजाय उन्हें रोजगार प्रदान करने लायक स्थिति में पहुँचाने के लिए तमाम योजनाओं को पेश किया, कोरोना के कहर से देश को बचाने के लिए भारत में वैक्सीन के निर्माण को प्रोत्साहित भी किया तथा दुनिया में सबसे ज्यादा और तीव्र गति से वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया, संकट के समय महीनों तक गरीब जनता को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया। यही नहीं ओलम्पिक, पैरालम्पिक और राष्ट्रमंडल खेलों के सभी पदक विजेताओं और प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसला प्रधानमंत्री ने निजी रूप से बढ़ाया। विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वालों से बात कर उनका हौसला बढ़ाने की बात हो, युवाओं का विभिन्न अवसरों पर मार्गदर्शन करने की बात हो, छात्रों से परीक्षा पर चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाने की बात हो...नरेंद्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने यह काम नहीं किया। भोलेनाथ के भक्त और काशी के जनसेवक मोदी ने रामनगरी अयोध्या में श्रीराम का दिव्य और भव्य मंदिर बनवा कर हिन्दुस्तान की जनता का सैंकड़ों वर्षों पुराना सपना साकार कर दिया तो मोदी सरकार के कार्यकाल में ही अल्पसंख्यक मंत्रालय ने मुस्लिमों के लिए इतनी योजनाएं पेश कीं कि आज यह वर्ग पहले की अपेक्षा ज्यादा पढ़ा-लिखा और संपन्न नजर आ रहा है। मोदी ने इस देश में बरसों से चल रही तुष्टिकरण की राजनीति को तो समाप्त किया ही मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से भी मुक्ति दिलाई। आज प्रधानमंत्री का जन्मदिन हो या फिर रक्षा बंधन या भैया दूज का त्योहार, मुस्लिम महिलाएं मोदी को भाई के रूप में राखी भेजती हैं, तिलक भेजती हैं। प्रधानमंत्री स्वयं कई बार अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबुद्ध लोगों से बात कर उनकी समस्याएं हल करने की दिशा में कदम उठा चुके हैं। यही कारण है कि देश में लोकसभा और विधानसभा की कई ऐसी सीटें हैं जो अल्पसंख्यक बहुल होने के बावजूद भाजपा के पास हैं। यह दर्शाता है कि मुस्लिमों को वोट बैंक के रूप में देखने वालों के दिन अब लद चुके हैं। इस देश में दलितों और पिछड़ों को भी सिर्फ वोट बैंक के रूप में देखा जाता था लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनकी सामाजिक और आर्थिक दशा में बड़े बदलाव आये हैं।

# भारत के मार्च 2026 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकेत

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.93 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष बनी हुई है और जापान एवं जर्मनी की आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है अथवा इसके ऋणात्मक रहने की भी प्रबल सम्भावना है। इस दृष्टि से मार्च 2025 तक भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं मार्च 2026 तक भारत जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हाल ही के समय में जर्मनी एवं जापान की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की समस्याएं दृष्टिगोचर हैं, जिनके कारण इन दोनों देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले वर्षों में विपरीत रूप से प्रभावित रह सकती है। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात लगातार 4 दशकों तक जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन में तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहा। इस दौरान विनिर्माण इकाईयों के बल पर जर्मनी ने अपने आप को विश्व में विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित कर लिया था एवं विभिन्न उत्पादों, विशेष रूप से कार, मशीनरी एवं केमिकल उत्पादों का निर्यात पूरे विश्व को भारी मात्रा में किया जाने लगा था। पिछले 20 वर्षों के दौरान जर्मनी पूरे यूरोपीयन यूनियन के विकास का इंजिन बना हुआ था। चूंकि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही थी अतः पिछले 20 वर्षों के दौरान चीन, जर्मनी से लगातार मशीनरी, कार एवं केमिकल पदार्थों का भारी मात्रा में आयात करता रहा है। परंतु, अब परिस्थितियां बदल रही हैं क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था भी हिचकोले खाने लगी है और चीन ने विभिन्न उत्पादों का जर्मनी से आयात कम कर दिया है। अतः अब जर्मनी अर्थव्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। आज बदली हुई परिस्थितियों में चीन, जर्मनी में निर्मित विभिन्न उत्पादों का आयात करने के स्थान पर वह जर्मनी का प्रतिस्पर्धी बन गया है और इन्हीं उत्पादों का निर्यात करने लगा है। दूसरे, पिछले लगभग 2 वर्षों से रूस ने भी ऊर्जा की आपूर्ति यूरोप के देशों को रोक दी है, रूस द्वारा निर्यात की जाने वाली इस ऊर्जा का जर्मनी ही सबसे अधिक लाभ उठाता रहा है। तीसरे, जर्मनी में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और एक अनुमान के अनुसार जर्मनी में आगे आने वाले एक वर्ष से कार्यकारी जनसंख्या में प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की कमी आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे उपभोक्ता खर्च पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। चौथे, जर्मनी में नागरिकों की उत्पादकता भी कम हो रही है। जर्मनी में प्रत्येक नागरिक वर्ष भर में केवल 1300 घंटे का कार्य करता है जबकि ह्श्वष्ठ देशों में यह औसत 1700 घंटे का है। पांचवे, यूरोपीयन यूनियन में वर्ष 2035 में पेट्रोल एवं डीजल पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है जबकि इन कारों का निर्माण ही जर्मनी में अधिक मात्रा में होता है तथा जर्मनी की कार निर्माता कम्पनियों ने बिजली पर चलने वाले वाहनों के निर्माण पर अभी बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया है। साथ ही, जर्मनी ने नवाचार पर भी कम ध्यान दिया है एवं स्टार्ट अप विकसित करने में बहुत पीछे रहा है आज इन क्षेत्रों में अमेरिका एवं चीन बहुत आगे निकल गए हैं एवं जर्मनी आज अपने आप को असहाय सा महसूस कर रहा है।





अतः जर्मनी अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव आगे आने वाले लम्बे समय तक चलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव भी जर्मनी अर्थव्यवस्था पर पड़ा है एवं अब पूरे विश्व में गैरवैश्वीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आज प्रत्येक विकसित एवं विकासशील देश अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बनना चाहता है। अतः जर्मनी जैसे देशों से मशीनरी एवं कारों का निर्यात कम हो रहा है साथ ही इन उत्पादों की तकनीकि भी लगातार बदल रही है जिसे जर्मनी की विनिर्माण इकाईयां उपलब्ध कराने में असफल सिद्ध हुई हैं। पिछले 5 वर्षों के दौरान जर्मनी अर्थव्यवस्था में विकास दर हासिल नहीं की जा सकी है। जर्मनी में सितम्बर 2023 माह में वोक्सवेगन कम्पनी ने अपनी दो विनिर्माण इकाईयों को बंद करने का निर्णय लिया है। यह कम्पनी जर्मनी में 3 लाख से अधिक रोजगार के प्रत्यक्ष अवसर उपलब्ध कराती है तथा अन्य लाखों नागरिकों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस कम्पनी ने जर्मनी में अपनी विनिर्माण इकाईयों में उत्पादन कार्य को काफी हद तक कम कर दिया है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से इस कम्पनी के उत्पादों की बिक्री लगातार कम हो रही है। पिछले 5 वर्षों के दौरान इस कम्पनी की बाजार कीमत आधे से भी कम रह गई है। इस कम्पनी की उत्पादन इकाईयों में चार पहिया वाहनों का निर्माण किया जाता रहा है परंतु अब इन उत्पादन इकाईयों में बिजली पर चलने वाली कारों के निर्माण में बहुत परेशानी आ रही है। बिजली पर चलने वाली कारों का जर्मनी में उत्पादन बढ़ाने के स्थान पर चीन से इन कारों का बहुत भारी मात्रा में आयात किया जा रहा है। अपनी आर्थिक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जर्मनी ने यूक्रेन को टैंकों की आपूर्ति भी रोक दी है। दरअसल कोरोना महामारी के बाद से ही, वर्ष 2020 के बाद से, जर्मनी की अर्थव्यवस्था अभी तक सही तरीके से पूरे तौर पर उबर ही नहीं सकी है।

एक अनुमान के अनुसार जर्मनी अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2024 में भी कम होने जा रहा है, यह वर्ष 2023 में भी कम हुआ था और इसके वर्ष 2025 में भी सुधरने की सम्भावना कम ही दिखाई दे रही है। जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद में वर्ष 2024 के दौरान 0.1 प्रतिशत की कमी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। बेरोजगारी की दर भी 6.1 प्रतिशत के स्तर तक ऊपर जा सकती है। जर्मनी अर्थव्यवस्था केवल चक्रीय ही नहीं बल्कि संरचनात्मक क्षेत्र में भी समस्याओं का सामना कर रही है। इसमें सुधार की कोई सम्भावना आने वाले समय में नहीं दिख रही है। हालांकि यूरोपीयन यूनियन में जर्मनी की अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है परंतु फिर भी भारत, उक्त कारणों के चलते, जर्मनी की अर्थव्यवस्था को मार्च 2026 तक पीछे छोड़ देगा, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

# ग्राम पंचायत पीपरबहरा में मनरेगा से हुआ शिक्षा में सुधार





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) ने क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इस योजना का उद्देश्य न केवल गरीब ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करना है, बल्कि उनके जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाना है। ऐसी ही एक कहानी है छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पंचायत पीपरबहरा की जहाँ मनरेगा के माध्यम से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य किया गया और इसका सीधा लाभ विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को मिला।

**मनरेगा से शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन की शुरुआत:** ग्राम पंचायत पीपरबहरा, एक ऐसा गाँव है जहाँ वर्षों से विद्यालय और आंगनबाड़ी तक जाने का मार्ग बेहद कठिन था। मुख्य मार्ग से मझपारा आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला तक का रास्ता कच्चा था, जिससे बारिश के दिनों में बच्चों और शिक्षकों के लिए आना-जाना बेहद मुश्किल हो जाता था। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति इतनी खराब हो जाती थी कि कीचड़ और पानी भरने की वजह से स्कूल की गतिविधियाँ प्रभावित होती थीं। इन सब को देखते हुए गाँव के लोगों ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार पंचायत से गुहार लगाई, लेकिन वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सका।

आखिरकार वर्ष 2023-2024 में मनरेगा के तहत इस समस्या का समाधान किया गया। शासन द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत पीपरबहरा को सड़क निर्माण हेतु कुल स्वीकृत राषि 869571 रुपए (आठ लाख उनहत्तर हजार पाँच सौ इकहत्तर रुपए) की मंजूरी प्राप्त हुई थी, जिससे ग्राम पंचायत पीपरबहरा में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मझपारा आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला तक एक सुरक्षित और सुविधाजनक मार्ग प्रदान करना था। कार्य शुरू होते ही गाँव के लोगों और विशेष रूप से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। सड़क का निर्माण तेजी से हुआ और कुछ ही महीनों में यह सड़क बनकर तैयार हो गई। अब बच्चों और शिक्षकों के लिए यह सड़क न केवल आसान पहुँच प्रदान करती है, बल्कि उनके दैनिक जीवन में भी कई सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। पहले जहाँ बरसात के दिनों में कीचड़ और पानी भरने की समस्या थी, अब वहाँ एक साफ और सुंदर मार्ग है, जिससे विद्यालय तक पहुँचना बहुत आसान हो गया है।

**बच्चों और शिक्षकों को स्कूल पहुंचने के लिए राह हुई आसान:** इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण के बाद विद्यालय और आंगनबाड़ी तक पहुँचने में अब कोई कठिनाई नहीं होती। पहले जहाँ बच्चों को स्कूल पहुँचने के लिए कीचड़ से गुजरना पड़ता था, अब वे आसानी से और सुरक्षित रूप से स्कूल पहुँच सकते हैं। इसके अलावा शिक्षकों के लिए भी यह सड़क एक बड़ी राहत बनकर आई है। अब वे बिना किसी परेशानी के समय पर स्कूल पहुँच सकते हैं और शिक्षा के कार्य को आसानी से और सुचारू रूप से चला सकते हैं। सड़क बनने के बाद विद्यालय का पूरा परिसर भी साफ-सुथरा और अधिक आकर्षक लगने लगा है। बरसात के दिनों में जहाँ पानी भरने से परिसर की स्थिति बिगड़ जाती थी, अब वहाँ ऐसी कोई समस्या नहीं है। बच्चों को खेलने के लिए भी अब वहाँ पर्याप्त जगह मिल गई है, जिससे उनकी खुशी साफ महसूस की जा सकती है।

**इंटरलॉकिंग सड़क बनने से शिक्षा में हुआ बड़ा सुधार:** इस सड़क निर्माण का सबसे बड़ा प्रभाव गाँव के शिक्षा स्तर पर पड़ा है। जहाँ पहले बच्चों का स्कूल आना-जाना असुविधाजनक होने के कारण उनकी उपस्थिति कम होती थी, अब बच्चों की उपस्थिति में स्पष्ट सुधार देखा गया है। उनके चेहरे पर पढ़ाई के प्रति उत्साह साफ दिखाई देने लगा है। इसके अलावा स्कूल के शिक्षक भी अब बच्चों को और अधिक ध्यान देकर पढ़ाने में सक्षम हैं, क्योंकि वे बिना किसी कठिनाई के स्कूल पहुँच सकते हैं। इस प्रकार मनरेगा के तहत सड़क निर्माण ने गाँव के शिक्षा स्तर को सुधारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राम पंचायत पीपरबहरा की यह सफलता केवल एक सड़क निर्माण की कहानी नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना ने न केवल बच्चों और शिक्षकों के जीवन को आसान बनाया है, बल्कि गाँव के समग्र विकास में भी एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस सड़क के निर्माण ने गाँव के अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। अब लोग अपने गाँव में और अधिक विकास की उम्मीद कर रहे हैं और इस दिशा में ग्रामीण पंचायत विभाग और प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय सरकार से सहयोग की अपेक्षा कर रहे हैं। मनरेगा के तहत इस प्रकार के कार्यों ने यह साबित किया है कि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन ग्रामीण क्षेत्रों में चमत्कारी बदलाव ला सकता है। ग्राम पंचायत पीपरबहरा में मनरेगा के तहत इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण केवल एक भौतिक संरचना का निर्माण नहीं है, बल्कि यह गाँव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सड़क ने न केवल बच्चों और शिक्षकों के जीवन को बेहतर बनाया है, बल्कि पूरे गाँव के लिए एक नई उम्मीद जगाई है।

## पंचायत चुनावों के लिए निर्वाचक नामावलियों के मुद्रण हेतु निविदाएं आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला- मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी- भरतपुर में आगामी पंचायत आम चुनावों के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की हैं। ये निविदाएं रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजी जा सकती हैं।

निविदा फार्म की कीमत 100/- रुपये निर्धारित की गई है। इच्छुक निविदाकार इसे किसी भी कार्यदिवस में कार्यालयीन समय के दौरान स्थानीय निर्वाचन शाखा, कलेक्ट्रेट एमसीबी से प्राप्त कर सकते हैं। भरी हुई निविदाएं 30 सितंबर 2024 को अपराह्न 1:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। उसी दिन 30 सितंबर 2024 को अपराह्न 4:00 बजे निविदाएं खोली जाएंगी। निविदाकार या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रह सकते हैं।

निविदाएं लेजर प्रिंट और डिजिटल प्रिंट सहित कागज सहित दरों के लिए मंगाई जा रही हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन से संपर्क कर सकते हैं।

### कोचिंग सेंटर में छात्रा को दिखाया अश्लील वीडियो

## परिजन और ग्रामीणों ने लगाई टीचर की क्लास, हिरासत में आरोपी




**मीडिया ऑडीटर, कांकेर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। कोचिंग सेंटर का शिक्षक छात्रा को मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाकर परेशान करता था। शिक्षक की हरकतों से परेशान होकर छात्रा ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मंगलवार की शाम टीचर को चौक में घेरकर उसकी जमकर क्लास लगाई। ग्रामीणों की भीड़ की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी टीचर को गिरफ्तार किया है। पूरा मामला बांदे थाना क्षेत्र का है।

**8वीं से 10वीं तक के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता है:** जानकारी के अनुसार टीचर कल्लोल कुंडू (35) कोचिंग सेंटर चलाता है। आरोपी 8वीं से 10वीं तक के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता है। कोचिंग के दौरान टीचर छात्राओं पर गंदी नजर रख अश्लील हरकतें करता था।

**आरोपी टीचर के घर पहुंचे परिजन और ग्रामीण:** आरोपी ने एक नाबालिग छात्रा को अश्लील वीडियो दिखाकर कर छेड़छाड़ करने लगा। टीचर की हरकतों से परेशान छात्रा ने जब इसकी जानकारी परिजनों को दी तब परिजन और ग्रामीण टीचर के घर पहुंच गए और घर के सामने चौक पर उसको जमकर फटकार लगाई।

**पुलिस ने आरोपी टीचर को हिरासत में लिया:** मामला गरमाता देख किसी इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टीचर को हिरासत में लिया। परिजनों के शिकायत पर टीचर पर पॉक्सो एक्ट और गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है।

**अश्लील हरकतों के चलते स्कूल से निकाला गया था:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छेड़छाड़ करने वाला टीचर कल्लोल कुंडू बांदे के ही गांधी विद्या पीठ स्कूल में टीचर था जिसे अश्लील हरकतों की वजह से स्कूल से निकाला गया था। वही छेड़छाड़ के बाद गिरफ्तार आरोपी टीचर को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### बच्चों को स्कूल वाहन में बंद कर सो गया ड्राइवर

**मीडिया ऑडीटर, बालोद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले निजी स्कूल के वाहन चालक की लापरवाही सामने आई है। नशे में धुत ड्राइवर बच्चों को भी गाड़ी में लॉक कर सो गया था। आसपास के दुकानदारों ने बच्चों की आवाज सुनी तो ड्राइवर को जगाया। जिसके बाद कुछ लोगों ने ड्राइवर की पिटाई कर दी। अब मामला थाने जा पहुंचा है। थाना प्रभारी रविशंकर पांडे का कहना है कि परिजनों को भी बुलाया गया है और स्कूल प्रबंधन को भी बुलाया गया है।

**नशे में धुत था ड्राइवर:** पूरा मामला झलमला तिराहे का है। यहां पर निजी स्कूल के वाहन चालक की जमकर पिटाई कर दी गई। शराब के नशे में धुत ड्राइवर स्कूली बच्चों को गाड़ी में बंद कर सो गया था।

## सड़क पर उतरे सफाई कर्मी, सफाई कर्मियों की हड़ताल पर जाने से नहीं उठा कचरा, दो महीने से ठेका कंपनी ने नहीं किया पेमेंट

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में नगर निगम के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया है और सफाई काम बंद कर दिया, जिसकी वजह से बुधवार को शहर में न तो सफाई हुई और नहीं कचरा उठा। कर्मियों का कहना है कि ठेका कंपनी ने दो माह से वेतन नहीं दिया है और न ही पेमेंट बढ़ा रहा है। जिसकी वजह से उन्होंने काम बंद किया है।

दरअसल, नगर निगम की स्मार्ट सिटी लिमिटेड कम्पनी ने शहर की सफाई व्यवस्था का काम दिल्ली की ठेका दिल्ली कंपनी लायन्स सर्विस को दिया है। कंपनी ने यहां वार्डों में



साफ-सफाई के लिए 800 कर्मचारियों को नियुक्त किया है, जो वार्डों में जाकर नियमित सफाई करते हैं।

**सड़क पर उतरे सफाई कर्मी:** बुधवार को ठेका कंपनी के सफाई कर्मियों ने काम बंद कर दिया है, जिसके चलते बुधवार को शहर की सफाई व्यवस्था ठप रही। सफाई कर्मियों का कहना है कि दो माह से न तो वेतन दिया जा रहा है और नहीं पैसे बढ़ाये जा रहे हैं।

**वेतन भुगतान और पैसे बढ़ाने की मांग:** सफाई कर्मियों ने कहा कि त्यौहारी सीजन में ठेका कंपनी ने उनका पैसा रोक दिया है। दो महीने से वेतन का भुगतान नहीं करने से परिवार चलाने की समस्या आ गई है। वहीं, कम्पनी ने पैसा बढ़ाने की बात कही थी। लेकिन, पैसे भी नहीं बढ़ाया गया है, जिसके विरोध में उन्होंने काम बंद किया है। जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएगी, तब तक काम बंद रहेगा।

**वार्डों में चरमराई सफाई व्यवस्था:** सफाई कर्मियों की हड़ताल की वजह से बुधवार को वार्डों में नालियों और सड़कों में झाड़ू नहीं लगने से शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सड़क और गलियों में नाली और जगह-जगह कचरों की लगी ढेर लग गई है। इसके चलते मोहल्लों में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। व्यापार विहार रोड पर अधिकांश स्थानों पर पानी जाम है। जिन जगहों पर निकासी ठप होने से रिहायशी क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं, उनमें नाउपारा, श्रीकांत वर्मा मार्ग तिगड्डा, भारतीय नगर चौक, अज्ञेयनगर, प्रियदर्शनी नगर प्रमुख है। यही हाल शहर के अन्य मोहल्लों का भी हाल है।

## युवक के जहर पीने का लाइव वीडियों, मौत से पहले पत्नी से मांगी माफी, बोला-तुम्हारी गोद पर सिर रखकर मरना चाहता हूं

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** मैं तुम्हारे बगैर नहीं जी सकता। मरने से पहले मेरी दो इच्छा है, अगर मैं मर गया तो जिस जगह जहर पीया हूं, वहीं इंतजार करूंगा। दूसरी इच्छा- तुम्हारी गोद पर सिर रखकर मरना चाहता हूं।'

छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा में एक युवक ने जहर पीकर सुसाइड कर लिया। कीटनाशक पीते हुए उसने वीडियो भी बनाया जिसमें वो ये बातें कह रहा है। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना नवागढ़ थाना के किरित गांव की है।



**दोनों की लव मैरिज हुई है:** किरित गांव के मुकेश कुमार धीवर (28) ने 8 साल पहले गांव के ही युवती से लव मैरिज की थी। उसके दो बच्चे भी हैं। दोनों के बीच सबकुछ ठीक चल रहा था, लेकिन किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। उसके बाद पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर मायके चली गई।

**खेत में कीटनाशक दवा पी लिया:** युवक ने पत्नी को मनाने की कोशिश की, पत्नी से दूर होकर पति ने अपने परिजनों से भी विवाद किया। रिश्तों मे सुधार नहीं आने पर मुकेश कुमार ने आत्महत्या का रास्ता अपना लिया। 15 सितंबर की दोपहर 3 बजे खेत में कीटनाशक दवा (ऑल क्लियर) लेकर पहुंचा।

एक लीटर की दवा में से उसने 100 रूएक ढक्कन में निकाली और एक बार में गटक गया। दवा पीते हुए ही उसने वीडियो बनाया।

**छत्तीसगढ़ी में उसने कई बातें कही:** वीडियो में उसने छत्तीसगढ़ी में कई बातें कही... उसने कहा कि, 'पाय लागी मौसा, बेटा समझ के कोई भी गलती हुई हो तो माफ कर देना। इसके अलावा मेरे पास कोई चारा नहीं है और उसको (पत्नी) भी सुना देना। वो भी अलग रहना चाहती है, तो रह सकती है। मैं परेशान हो चुका हूं। तुमको घर के लोग नहीं दिखाएंगे, लेकिन सोशल मीडिया पर तुमको वीडियो मिल जाएगा।'

## वर्चस्व की लड़ाई में युवक की हत्या

### शराब बेचने को लेकर हुई गैंगवार, बदमाशों ने चाकू से गोदकर मार डाला



**मीडिया ऑडीटर, राजनांदगांव एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में लालबाग थाना क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई में एक युवक की हत्या कर दी गई। वार्ड नंबर 20 पेंड्री में शराब बेचने को लेकर हुई गैंगवार में 4 बदमाशों ने युवक को चाकू से गोद डाला। बदमाश अपने इलाके में दूसरे युवकों द्वारा दारू बेचने को लेकर नाराज थे। लालबाग थाना प्रभारी नवरत्न कश्यप ने बताया कि हत्या का आरोपी नाबालिग है। नाबालिग युवक कामता पटेल पर चाकू से हमला किया गया था।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस:** युवक को 108 एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मर्म कायम कर हत्या के आरोपियों के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है।

## नवजात का अपहरण

### मां घर में सुलाकर गई थी पानी भरने के लिए, जिले में 18 दिन में दूसरा बच्चा अगवा



**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा जिले में 18 दिन की एक बच्ची का अपहरण हो गया। बताया जा रहा है कि नवजात को एक महिला घर से उठाकर ले गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पिछले 18 दिनों में जिले में दूसरे बच्चे को अगवा करने की वारदात है। मामला बचेली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, रेलवे कॉलोनी के गंगूपारा में रहने वाली महिला छोटी बुधवार को अपनी बेटी को घर में सुलाकर पानी भरने के लिए गई थी। जब लौटी तो बेटी नहीं मिली। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी। वहीं पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।

**पहले भी आरोपी महिला आ चुकी थी घर:** एसपी गौरव राय ने बताया कि, जांच में एक महिला ईशु का नाम सामने आया था। इससे पहले भी महिला छोटी के घर ईशु पहुंची थी और बच्ची उसे सौंपने की बात कही थी। जगदलपुर में पुलिस की टीम ने महिला को पकड़ लिया है। बच्ची को बरामद कर लिया है।

**18 दिन पहले झूले में सो रहे 6 महीने के बच्चे को किया गया अगवा:** जिले में 18 दिन में दूसरी बच्ची अगवा की गई है। इससे पहले बाइक सवार दो युवकों ने 6 महीने के बच्चे का अपहरण किया था। बाइक सवार युवकों ने बच्चे के पिता को शराब लाने के लिए 100 रुपए दिए। पिता शराब लाने गया तो वे पालने में सो रहे बच्चे को लेकर भाग गए। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

# 'क्राइम पेट्रोल' देखकर भाई को मार डाला

## रस्सी से घोंटा गला, फिर चाकू से गर्दन काटकर जंगल में फेंका धड़

**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में युवकों ने 'क्राइम पेट्रोल' सीरियल देखने के बाद अपने भाई की हत्या कर दी। इलाज के बहाने उसे चुरहागड़ा जंगल की ओर ले गए और वहां गला घोंट दिया। फिर चाकू से सिर काटकर शव फेंककर भाग निकले। वारदात कुनकुरी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, अभिषेक लकड़ा शराब पीने का आदी था। शराब के लिए जमीन बेचने और नशे में आए दिन विवाद करने से उसके भाई परेशान थे। पुलिस ने मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 2 मौसेरे भाई और एक पड़ोसी भी शामिल है।



**12 सितंबर को मिली थी सिर कटी लाश:** एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, 12 सितंबर को चुरहागड़ा के जंगल में एक सिर कटी लाश मिली थी। मौके से नाइलोन की रस्सी और चाकू बरामद किया गया। शव की पहचान कांसाबेल थाना क्षेत्र के बरजोर निवासी अभिषेक लकड़ा के रूप में की गई।

**भाइयों के साथ दिखा था आखिरी बार:** पुलिस ने परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ की तो पता चला कि, अभिषेक को आखिरी बार 11 सितंबर को अभय एक्का (30), संदीप एक्का (41), निर्दैष तिर्की (35) और अनूप लकड़ा (30) के साथ देखा गया था। इन सबको हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।

**मारपीट करने पर तोड़ दिया पैर:** आरोपी अभय लकड़ा ने पुलिस को बताया कि, अभिषेक उसका मौसेरा भाई था। शराब पीकर आए दिन घर में मारपीट और गाली-गलौज करता था। 10 सितंबर को भी नशे में मेरे माता-पिता से बदतमीजी की। रोकने पर विवाद करने लगा। मारपीट करने पर अभय ने लकड़ी से हमला कर अभिषेक का पैर तोड़ दिया।

**हत्या करने से पहले देखा क्राइम पेट्रोल शो:** पुलिस केस होने के डर से अभिषेक को अस्पताल ना ले जाकर घर में ही बिठाए रखा। उससे छुटकारा पाने के लिए हत्या की साजिश रची। इसके लिए भाइयों ने क्राइम पेट्रोल शो देखा। तब तय हुआ कि, अभिषेक का सिर और धड़ अलग-अलग जगह पर फेकेंगे।

**इलाज कराने की बात कहकर जंगल की ओर ले गए:** साजिश के तहत 11 सितंबर की रात करीब 2 बजे वैद्य से पैर का इलाज कराने की बात कहते हुए वैन से उसे जंगल की ओर ले गए। चाकू और नाइलोन की रस्सी को पहले ही वाहन में रख लिया था। बीच रास्ते में आरोपियों ने अभिषेक का रस्सी से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी।

**चाकू से काटा गला, जंगल में फेंका धड़:** लाश की पहचान छिपाने के लिए जंगल में ले गए और चाकू से गला काट कर सिर को धड़ से अलग कर दिया। सड़क से धड़ को खींचते हुए जंगल के अंदर 50 मीटर दूर ले जाकर फेंक दिया। उसका सिर हाथ से गिर गया, जो अंधेरा होने की वजह से नहीं मिला। रस्सी और चाकू छोड़कर सभी आरोपी घर चले गए। जिसके चलते पकड़े गए।

## श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी

### बगीचा कैलाश गुफा से दर्शन कर लौटते समय हादसा, 25 से 30 लोग सवार थे, 3 गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, जशपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना में पिकअप में सवार लोग घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि सभी लोग कैलाश गुफा से दर्शन कर के घर लौट रहे थे। फिलहाल, सभी घायलों को बगीचा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के मुताबिक बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम सोंनगेरसा के पास हादसा हुआ। पिकअप में 25 से 30 लोग सवार थे। जिसमें से 3 लोगों को गंभीर चोट आई है। पिकअप में महिला और बच्चे भी सवार थे। सभी बगीचा कैलाश गुफा से दर्शन करके वापस अपने घर लौट रहे थे।

**बगीचा अस्पताल में घायलों का इलाज जारी:** सोनगेरसा बाजार डांड के पास घाटी में पिकअप अनकंट्रोल होकर पलट गई।

# जबलपुर में ऑटो पर पलटा हाईवा, 7 की मौत, इनमें 2 दंपती, 3 साल का बच्चा भी

### घटना से नाराज लोगों ने लगाया जाम



**जबलपुर (एजेंसी)।** जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर चरगंवा में मजदूरों से भरे लोडिंग ऑटो पर हाईवा पलट गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो पति-पत्नी और एक दंपती का 3 साल का बच्चा भी है। 10 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घटना बुधवार शाम 4.30 बजे की है। घायलों को सिहोरा के अस्पताल लाया गया। यहां से गंभीर हालत में 3 को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

घटना से नाराज लोगों ने सिहोरा - कटनी स्टेट हाईवे पर चरगंवा रोड पर डेढ़ घंटे तक जाम लगाए रखा। मंझगवां थाना प्रभारी समेत सिहोरा, खितौला पुलिस थाने से पहुंचे फोर्स ने लोगों को शांत कराया। सिहोरा एसडीओपी पारुल शर्मा भी मौके पर पहुंचीं। हाईवा के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है।

**सोयाबीन की कटाई कर लौट रहे थे मजदूर:** ऑटो में 17 लोग सवार थे। सभी प्रतापपुर गांव के रहने वाले हैं। पास के ही खमरिया गांव से सोयाबीन की कटाई कर अपने गांव लौट रहे थे, तभी बगल से निकल रहा माइनिंग के काम में लगा हाईवा ऑटो पर पलट गया।

सिहोरा से विधायक संतोष बरकड़े का कहना है कि घटना की जांच करवाई जा रही है। मृतक और घायल मजदूर परिवार से हैं। सरकार सभी की मदद के लिए तत्पर है।

हादसे में मृतक के परिजन और घायलों के लिए मदद की घोषणा

सीएम डॉ. मोहन यादव ने मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपए, सड़क दुर्घटना निधि से 15 हजार रुपए देने की बात कही है।

संबल योजना के हितग्राही होने की स्थिति में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक मदद अलग से दी जाएगी।

सिहोरा विधायक संतोष सिंह बडकरे ने भी मृतक के परिजनों को 5 हजार रुपए की मदद की है।

घायलों का निशुल्क इलाज और सड़क दुर्घटना निधि से 7 हजार 500 रुपए की मदद दी जाएगी।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया

सीएम डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख जताया। उन्होंने प्रशासन को घायलों के इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। सीएम ने सोशल मीडिया ङ्क पर लिखा

**लोग बोले- स्पीड में निकलते हैं भारी वाहन:** घटना से नाराज स्थानीय लोगों का कहना है कि रोड से भारी वाहन स्पीड में गुजरते हैं। इस वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने मांग करते हुए कहा कि गांव के आसपास ब्रेकर बनाए जाएं। शराब पीकर हाईवा चलाने वाले ड्राइवरों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। पुलिस - प्रशासन के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## राष्ट्रपति ने खरीदी 33 हजार रुपए की दो साड़ियां



### इंदौर के मृगनयनी एम्पोरियम में कलाकारों से मिलीं द्रौपदी मुर्मू

**इंदौर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय दौरे पर इंदौर हैं। राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे मृगनयनी एम्पोरियम पहुंचीं, जहां कलाकारों से मुलाकात की। मृगनयनी के आर्टिस्ट ने उनको पेंटिंग गिफ्ट की। इस दौरान मुर्मू ने 33 हजार रुपए की दो साड़ियां भी खरीदी। इससे पहले एयरपोर्ट पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, सीएम डॉ. मोहन यादव और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने राष्ट्रपति की अगवानी की।

राष्ट्रपति रात्रि विश्राम रेसीडेंसी कोठी में करेंगी। इस दौरान दिल्ली से चलने वाली सारी गतिविधियां और फैसले भी यहीं से होंगे। राष्ट्रपति गुरुवार (19 सितंबर) को सुबह उज्जैन में महाकाल दर्शन करेंगी। यहां इंदौर-उज्जैन सिक्स-लेन प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगी। इंदौर लौटकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उसके बाद दिल्ली लौट जाएंगी।

मृगनयनी एम्पोरियम में राष्ट्रपति ने धार की बाग प्रिंट की साड़ी और ड्रेस मटेरियल बनाने वाले स्थानीय कलाकार मुबारिक खत्री से बाग प्रिंट के बारे में जानकारी ली। खत्री ने राष्ट्रपति के लिए विशेष रूप से गुलाबी और रेड-ब्लैक कलर में डिजाइन की गई बाग प्रिंट की साड़ी भेंट की।

राष्ट्रपति ने खरीदी दो साड़ियां, सीएम ने भी गिफ्ट की चंदेरी साड़ी

मृगनयनी के स्टाफ ने बताया कि राष्ट्रपति को कोसा सिल्क और महेश्वरी सिल्क की दो साड़ियां पसंद आईं। उन्होंने ये दोनों ही साड़ियां खरीदीं। इनमें से एक साड़ी 14 और एक साड़ी की कीमत 19 हजार रुपए है। इस तरह राष्ट्रपति ने कुल 33 हजार रुपए की दो साड़ियों की खरीदारी की।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी राष्ट्रपति को अपनी ओर से चंदेरी साड़ी गिफ्ट की।

मृगनयनी केंद्र पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू यहां मध्य प्रदेश के हस्तशिल्प और जनजाति कलाकारों से भी मिलीं। इस दौरान गोंडी भित्ति चित्रकार दुर्गा व्याम ने उन्हें अपनी बनाई हुई पेंटिंग भेंट की। वहीं, झाबुआ के परमार दंपती ने अपनी प्रसिद्ध झाबुआ की गुड़िया और जनजातीय प्रतीक चिन्ह राष्ट्रपति को भेंट किया।

## महिलाओं के कपड़े पहनकर डकैती, पुलिस ने सर्वेयर बनकर पकड़ा,मंदिर से 10 किलो चांदी आभूषण लूटने वाले बदमाश राजस्थान से गिरफ्तार



**गुना (एजेंसी)।** गुना के हनुमान टेकरी मंदिर पर डकैती डालने वाले पकड़े गए हैं। वारदात राजस्थान की कालबेलिया गैंग ने की थी। डकैतों को ट्रेस करना पुलिस के लिए काफी चैलेंजिंग था। 20 पुलिसकर्मियों की टीम ने लगातार 20 दिन मेहनत की और 10 किलो चांदी रिकवर कर ली।

पहला क्लू घटना के 14 दिन बाद मिला। यह 6 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज था। इसके लिए पुलिस को 150 किलोमीटर में लगे करीब 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पड़े। इसी एक क्लू के आधार पर पुलिस एक हफ्ते में डकैतों तक पहुंच गई और तीन आरोपी धर लिए। एक आरोपी सुनार है, जो चांदी के आभूषणों को गलाकर ईंट बना रहा था।

हनुमान टेकरी मंदिर गुना जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर है। यह मंदिर महाभारत काल का है। ऐसी मान्यता है कि यहां धनुर्धर कर्ण ने भी तपस्या की थी। हनुमान जी की प्रतिमा 7वीं शताब्दी में स्वयं प्रकट हुई है।

उदय प्रताप ने कहा-अतिथि शिक्षकों का नियमितिकरण क्यों होगा

# मंत्री बोले-मेहमान बनकर आए, घर पर कब्जा कर लोगे क्या? पीसीसी चीफ बोले-माफी मांगें





**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में नियमितिकरण के लिए आंदोलन कर रहे अतिथि शिक्षकों की मांग पूरी होती नहीं दिख रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नियमितिकरण क्यों होगा? अतिथि शिक्षकों का नाम क्या है 'अतिथि'। आप हमारे मेहमान बनकर आओगे तो घर पर कब्जा करोगे क्या?

इस बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने स्कूल शिक्षा मंत्री को आड़े हाथ लिया है। पटवारी ने कहा- स्कूल शिक्षा मंत्री को माफी मांगनी चाहिए। अतिथि शिक्षकों ने मंत्री के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और चेतावनी दी कि अगर बयान को वापस नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में विरोध करेंगे।

दरअसल, 8 हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षक नियमितिकरण समेत 5 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने बीती 10 सितंबर को भोपाल में तिरंगा यात्रा निकालकर प्रदर्शन भी किया था। बारिश के बीच प्रदर्शन 6 घंटे तक चला था। अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप से भी मुलाकात कर चुका है लेकिन अब तक बात नहीं बनी है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने गेस्ट टीचर्स के नियमितिकरण के सवाल पर पत्रकारों से कहा- जहां गैप है...शिक्षक कम हैं...वहां उनको लगाया जाता है। पिछले दिनों वो आए थे। हम लोगों ने बैठक की थी। उनके जो दो-तीन विषय हैं, उन पर हम लोग काम कर रहे हैं।

हमारी कोशिश होगी कि कोई अतिथि शिक्षक लगता है तो पूरे एकेडमिक सेशन में काम कराया जाए। उनके हितों की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जब विभाग ये मानता है कि अतिथि शिक्षक महत्वपूर्ण हैं तो उनको चिंता नहीं करना चाहिए।

**मंत्री ने कहा- भर्ती कर लेंगे तो सैलरी कहां से देंगे:** स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा- वो कहते हैं कि पिछले साल 68 हजार शिक्षक थे, इस बार कम हो गए। जहां बच्चे नहीं हैं, वहां ऐसे शिक्षक पदस्थ थे। उन्हें हमने अतिशेष वाले स्कूलों में ले जाने का काम किया। एक बार युक्ति-युक्तिकरण हो जाने से 12-13 हजार शिक्षकों की कमी की पूर्ति हुई। स्वाभाविक है जहां पूर्ति हो गई, वहां अतिथि शिक्षक क्यों भर्ती करेंगे? अगर भर्ती करेंगे तो उनकी सैलरी कहां से देंगे?

सरकार और विभाग को चलाने में वित्तीय प्रबंधन और न्यायसंगत चीजों का समायोजन करना पड़ता है। चाहे शिक्षक हों, अतिथि शिक्षक हों...न्यायालयीन प्रकरण अभी पेंडिंग हैं, उनमें सरकार की तरफ से तेजी लाने के लिए हम पूरी कार्रवाई कर रहे हैं। शिक्षकों के संबंध में पूरी चिंता कर रहे हैं।

**पटवारी बोले- बयान मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी:** मंत्री के बयान पर पटवारी ने कहा- कब्जा क्या होता है? आप व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों को रखते हो। वे सेवाएं देते हैं। आप सेवाएं लेना चाहते हैं और बाद में अपमानित करना चाहते हो। वो भी मंत्री यानि सरकार का एक नुमाइंदा। एक मंत्री का बयान मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। मैं मानता हूं कि शिक्षा मंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

**उमंग सिंघार ने कहा- शिक्षा मंत्री की भाषा आपत्तिजनक:** स्कूल शिक्षा मंत्री के बयान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ङ्क पर लिखा- वाह शिक्षा मंत्री जी, आपके बोल बीजेपी के संस्कार और सभ्यता वाली शिक्षा दर्शाते हैं। अतिथि शिक्षकों के बारे में आपने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया वह घोर आपत्तिजनक है।

जिस देश में बच्चों को अतिथि देवो भव के संस्कार दिए जाते हों, वहां नेताओं के ऐसे बोल शोभा नहीं देते। अतिथि शिक्षकों के जो अधिकार हैं, वो तो उन्हें मिलना ही चाहिए और कांग्रेस उन्हें वो दिलाकर रहेगी। अब सीएम डॉ. मोहन यादव की जिम्मेदारी है कि वे ऐसी भाषा बोलने वालों की नकेल कसें।

**अतिथि शिक्षक बोले- बयान वापस न लिया तो करेंगे विरोध:** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष केसी पवार ने कहा- शिक्षा मंत्री ने हम अतिथि शिक्षकों को लेकर जो बयान दिया है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि शिक्षा मंत्री इस बयान को तुरंत वापस नहीं लेते हैं तो पूरे मध्यप्रदेश में इसका विरोध करेंगे। हम अतिथि शिक्षक हैं, हमने इस सरकार को 16 वर्ष अध्यापन कार्य में दिए हैं। हम जबरदस्ती कब्जा नहीं चाह रहे हैं, हमने जो श्रम-तप दिया है, उस समय का प्रतिफल चाह रहे हैं।

## भिंड के अटेर में आश्रम की दीवार गिरी, प्रसादी तैयार कर रहे साधु की दबने से मौत, 3 घायल



**भिंड(एजेंसी)।** भिंड के नावली वृंदावन गांव के नजदीक स्थित पागल दास महाराज के आश्रम पर बारिश के चलते एक पक्की दीवार ढह गई। हादसे में साधु की मौत हो गई। जबकि तीन गौवंश ने भी दम तोड़ दिया।

यह घटना बुधवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच की है। दोपहर में पागल दास बाबा के आश्रम पर रहने वाले साधु छविदास महाराज भोजनालय में प्रसादी तैयार कर रहे थे। तभी अचानक बारिश के चलते एक पक्की दीवार गिर गई। इसके चलते भोजनालय के पास ही गौशाला का टीन सेट भी गिर गया।

घटना के बाद आश्रम में मौजूद संतों ने बचाव के लिए गांव से लोगों को बुलाया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे तो ईंट पत्थरों के नीचे दबे साधु छविदास ने दम तोड़ दिया। एक ग्रामीण सुरेंद्र समेत 3 लोग घायल हुए हैं। वहीं, 3 गौवंश की भी मौत हो गई। एक गाय और बछड़ा भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही मौके पर अटेर एसडीएम व राजस्व विभाग का दल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अफसर के से पहले ग्रामीणों ने साधु छविदास को निकाल लिया था। घायल गायों को अलग कर दिया था। मृत गायों को अलग रखवा दिया था। इसके बाद साधु छबीरम का भी अंतिम संस्कार कराया गया।

हादसे की जानकारी लगते ही कांग्रेस नेता मनोज दैयपुरिया पहुंचे। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन को इस तरह की घटना को गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसे लोगों की सहायता तत्काल करनी चाहिए जो इस आपदा से पीड़ित हुए हैं। जिन लोगों के कच्चे मकान है उन्हें उन्हें पीएम आवास के पक्के आवास बनवा कर देना चाहिए।

इसके अलावा अटेर क्षेत्र में जवासा में चार लोगों के मकान गिरे हैं जिसमें गंगा चरण जयपाल कुशवाहा जयपाल कुशवाहा, चंद्रा रानी भी पीड़ित है। घटना की जानकारी लगते ही कांग्रेसी नेता के साथ नवजीवन संगठन के समाजसेवी नीतेश जैन, रविंद्र बौहरे, सुनीता मोदी, सपना जैन भी मौके पर पहुंच गई।

## इंदौर पहुंच गए पाकिस्तान मूल के दो लोग, दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था




### अब गुरुवार को वापस शारजाह भेजा जाएगा

**इंदौर (एजेंसी)।** भारत आए पाकिस्तान मूल के दो यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था, लेकिन वो इंदौर पहुंच गए। वीजा नियमों के चलते उन्हें इंदौर एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया है। इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर वीपी सेठ ने बताया कि दोनों को गुरुवार देर रात शारजाह जाने वाली फ्लाइट से वापस भेजा जाएगा। दोनों यात्री एयर इंडिया एक्सप्रेस की यूएई के शारजाह से इंदौर आई मंगलवार रात की फ्लाइट से आए। एयरपोर्ट अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों यात्रियों के नाम विक्की कुमार और पूनम कुमारी है। दोनों को वीजा शर्तों के अनुसार शारजाह से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था। इसके बाद वे भारत में कहीं भी जा सकते थे। बताया जा रहा है कि दोनों ही यात्रियों की वापसी भी दिल्ली एयरपोर्ट से होनी थी, जबकि यह दोनों यात्री इंदौर के देवी अहिल्या बाई एयरपोर्ट पर पहुंच गए। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही ठहराया गया है। बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

**पहले भी वापस भेजे गए यात्री:** शारजाह और दुबई से आने वाले यात्रियों को इंदौर एयरपोर्ट से पहले भी वापस भेजा जा चुका है। पहले वापस भेजे गए यात्री ई-वीजा पर इंदौर आ गए थे, जबकि इंदौर में ई-वीजा मान्य नहीं था। ऐसे में यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा था। इस घटना के बाद सांसद शंकर लालवानी ने ई-वीजा के लिए पहल कर इसे शुरू कराया था।

मंत्री बोले- वीर क्रांतिकारियों के साथ इतिहासकारों ने बेईमानी की

# विजय शाह ने कहा- जिनके कपड़े धुलने लंदन जाते थे, इतिहास में उनका पाठ पढ़ाया जाता है



**जबलपुर (एजेंसी)।** जबलपुर में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा, 'उंगली काटने वालों का नाम तो शहीदों की सूची में दर्ज हो गया, लेकिन राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह जैसे वीर क्रांतिकारियों के साथ इतिहासकारों ने बेईमानी की। आज भी इतिहास में उन नेताओं का पाठ पढ़ाया जाता है, जिनके कपड़े धुलने के लिए लंदन जाते थे।'

मंत्री ने कहा, 'जनजातीय नायकों के साथ ये बड़ा अन्याय किया गया है, लेकिन अब जल्द ही उनकी शौर्यगाथा पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी। पीएम मोदी और सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने स्कूली पाठ्यक्रम में जनजातीय नायकों की शौर्यगाथा को शामिल करने के निर्देश दे दिए हैं।' मंत्री यहां शहीद शंकर शाह - रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए। यह कार्यक्रम रेलवे स्टेशन के पास हुआ। आज ही के दिन 18 सितंबर को साल 1857 में अंग्रेजों ने गोंडवाना के राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को तोप के मुहाने बांधकर शहीद कर दिया था। राजा शंकर शाह - रघुनाथ शाह के बलिदान स्थल पर कांग्रेस की पूर्व मंत्री कौशल्या गोटिया सहित गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के लोग भी उनका 167वां बलिदान दिवस के मौके पर पुहंचे। इस मौके पर मंत्री ने आदिवासियों के साथ लोकनृत्य भी किया।

## कोमा से निकलकर पैरालिंपिक मेडल जीता




**भोपाल (एजेंसी)।** पेरिस पैरालिंपिक 2024 में मध्यप्रदेश के दो खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। हालांकि, इनके लिए पैरालिंपिक तक पहुंचने और मेडल जीतने का सफर इतना आसान नहीं रहा है। 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली जबलपुर की रुबीना फ्रांसिस तो शूटिंग छोड़ने का मन बना चुकी थीं। वे टोक्यो पैरालिंपिक में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकी थीं। वहीं, जूडो में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले सीहोर के कपिल परमार 2009 में एक हादसे के बाद कोमा में चले गए थे। दैनिक भास्कर ने दोनों ही खिलाड़ियों से उनके इन मुश्किल हालात और इससे उबरने के बारे में बातचीत की।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हावी रही है भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में 1991–92 के बाद से ही पहली बार दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। ये सीरीज एशेज जितनी ही अहम मानी जाती है। ऐसे में इसके शुरू होने से पहले ही दोनों टीमों ओर से बयानबाजी तेज हो गई है। हर कोई अपना पलड़ा हावी और खुद को ट्रॉफी का प्रबल दावेदार बता रहा है। पुराने आंकड़ों पर नजर डालें तो इस सीरीज की शुरुआत के बाद भारत ने अब तक 10 ट्रॉफी जीती है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 5 सीरीज जीती है। वहीं 2003–2004 में एकमात्र सीरीज ड्रॉ रही थी। भारत ने पिछले पांच में चार बार बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी जीती। कुल मिलाकर देखा जाए तो टीम इंडिया काफी दमदार नजर आ रही है पर ऑस्ट्रेलियाई टीम से इस बार वापसी की उम्मीदें हैं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी इस मुकाबले को लेकर उत्सुक है। उनका मानना है कि इसमें कोई संदेह नहीं टीम इंडिया दमदार खिलाड़ियों से सजी हुई है लेकिन इस बार घरेलू मैदान में इस बार ऑस्ट्रेलिया टीम जीतेगी। ऑस्ट्रेलियई क्रिकेटर ट्रेविस हेड ने हाल में कहा कि हम एक दूसरे के साथ काफी क्रिकेट खेलते हैं। पिछले कुछ वर्षों से मैं अच्छी फॉर्म में हूं। इसलिए अच्छा खेल पाना हमेशा अच्छा होता है। यह प्रतियोगिता बहुत प्रतिस्पर्धी है। हालांकि इसके लिए तैयारी करने में कोई मुश्किल नहीं होनी चाहिए।

# के एल राहुल के पास स्पिन, तेज गेंदबाजों को खेलने का कौशल, उसे मौके मिलेंगे –रोहित




**चेन्नई (एजेंसी)।** अपने कैरियर में अनिरंतरता के कारण अक्सर आलोचना झेलने वाले केएल राहुल का बचाव करते हुए भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हें 'स्पष्ट संदेश' दे दिया गया है जिससे उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अपने कैरियर को आगे ले जाने में मदद मिलेगी। राहुल ने 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जमाया और इस साल हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ 86 रन की पारी खेली। इससे पहले दो साल तक हालांकि वह 12 पारियों में एक ही अर्धशतक बना सके थे। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट से पहले कहा ,'' आपको पता है कि केएल में क्या खूबी है , सभी को पता है। हमने उसे साफ संदेश दिया है कि हम चाहते हैं कि वह सारे मैच खेले। हम उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चाहते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि उससे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा सकें।'' उन्होंने कहा ,'' उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक बनाया और हैदराबाद में पहले टेस्ट में 80 से ऊपर स्कोर किया। इसके बाद वह चोट के कारण नहीं खेल सका लेकिन उम्मीद है कि वह उस लय को कायम रखेगा।'' रोहित ने कहा ,'' वह स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों को बखूबी खेलता है। इसमें कोई शक नहीं कि वह टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करेगा। उसके पास अब मौका है।

# हेड तोड़ सकते हैं सूर्यकुमार रिकॉर्ड

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड एकदिवसीय विश्वकप से ही जबरदस्त फार्म में हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखे हुए हैं। इस बल्लेबाज ने इस साल कई रिकार्ड बनाये है। अब उनके निशाने पर भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का एक रिकार्ड है। जिससे वह आने वाले दिनों में तोड़ सकते हैं। ये रिकार्ड है कैलेंडर ईयर में टी20 फॉर्मेट में 175 के स्ट्राइक रेट और 40 से अधिक की औसत से 1000 रन बनाने का। टी20 फॉर्मेट में अब तक सिर्फ दो बल्लेबाज ऐसे हुए हैं जिन्होंने एक कैलेंडर ईयर में 40 से अधिक की औसत से 1000 से ज्यादा रन बनाए हैं। इसमें सूर्यकुमार यादव ने पहली बार 2022 में यह उपलब्धि हासिल की थी ।सूर्या ने तब 41 पारियों में 45.54 की औसत से 1503 रन बनाए थे। सूर्या का स्ट्राइक रेट इस दौरान 175.99 रहा। ऑस्ट्रेलिया के हेड ने इस साल अब तक 39 पारियों में 1442 रन बना दिये हैं। इस दौरान उनका औसत 41.20 रहा। हेड इस साल अब तक 1 शतक और 13 अर्धशतक लगा चुके हैं। ट्रैविस हेड अब सूर्या के रिकॉर्ड से 61 रन ही पीछे हैं। जैसे ही वे 62वां रन लेंगे तो एक कैलेंडर ईयर में 40 से अधिक की औसत से सबसे अधिक रन बनाने वाले बैटर बन जाएंगे.

हेड को यह रिकॉर्ड बनाने का मौका इस साल नवंबर में मिलेगा। नवंबर में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। उसमें हेड इस दौरान सूर्या को पीछे छोड़ सकते हैं।

# कोरिया के खिलाफ फॉर्म में चल रही भारतीय टीम एसीटी हॉकी सेमीफाइनल में प्रबल दावेदार




**हुलुनबुइर (एजेंसी)।** शानदार फॉर्म में चल रही पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम यहां होने वाले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के खिलाफ प्रबल दावेदार होगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है, उसने पांचों लीग मैच जीते हैं। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान चीन पर 3–0 की जीत के साथ की। इसके बाद उसने जापान को 5–1 और मलेशिया को 8–1 से मात दी। भारतीय टीम ने कोरिया को 3–1 से हराने के बाद चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 2–1 से जीत हासिल की। भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने प्रत्येक विभाग में बेहतर खेल दिखाया है, फिर चाहे अग्रिम पंक्ति हो या मिडफील्ड हो या फिर रक्षण। लीग चरण में भारत के लिए स्ट्राइकरों का प्रदर्शन अद्भुत रहा है। पेरिस में मैदानी गोल करना भारत के लिए चिंता का विषय था लेकिन यहां सुखजीत सिंह, अभिषेक, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और अन्य की युवा स्ट्राइकरों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया है। युवा मिडफील्डर राज कुमार पाल ने भी कुछ अच्छे मैदानी गोल दागे। इसके अलावा अनुभवी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद और नीलकांत शर्मा ने मिडफील्ड में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय डिफेंस भी दमदार रहा है जिसने केवल चार गोल गंवाये हैं। वहीं गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा ने टीम को करिश्माई पीआर श्रीजेश के संन्यास से पैदा हुए खालीपन को महसूस नहीं होने दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर में से एक हरमनप्रीत ने पेरिस की अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखते हुए पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। हरमनप्रीत को युवा जुगराज सिंह से अच्छा सहयोग मिल रहा है जो इस समय दुनिया के सबसे तेज ड्रैगफ्लिकर हैं। लेकिन नॉकआउट मुकाबला किसी भी टीम के लिए नयी शुरूआत होता है तो भारतीय टीम कोरिया को हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकी क्योंकि प्रतिद्वंद्वी टीम का दिन अच्छा रहे तो वह हैरान कर सकती है और उसने मलेशिया के खिलाफ अंतिम समय में बराबरी हासिल कर 3–3 से ड्रॉ खेलकर अपनी सेमीफाइनल की उम्मीदों को जीवंत रखा।

भारतीय डिफेंस को भी बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं गंवाने के बारे में सतर्क रहना होगा क्योंकि सात गोल कर चुके टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन यांग के रूप में कोरिया के पास एक मजबूत ड्रैगफ्लिकर है। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान का सामना मेजबान चीन से होगा। फाइनल मंगलवार को होना है।

# सिराज जुनूनी और उर्जावान क्रिकेटर-लाबुशेन



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए कहा है कि मैदान पर वह जुनूनी और उर्जावान है। लाबुशेन के अनुसार वह सिराज से पहली बार एमआरएफ पेस अकादमी में मिले थे। उसके बाद से ही दोनो का करियर तेजी से आगे बढ़ा है। और वे अपनी–अपनी राष्ट्रीय टीमों से खेल रहे हैं। लाबुशेन ने कहा कि एक क्रिकेटर के रूप में सिराज काफी आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा, वह खेल के प्रति बहुत ऊर्जा और प्यार लेकर आता है। उसे विकसित होते देखना अच्छा लगता है।

सिराज ने अब तक भारतीय टीम की ओर से 27 टेस्ट मैच खेलकर 74 विकेट लिए हैं। अभी वह 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ शुरु हो रही सीरीज के लिए अभ्यास कर रहे हैं। इस साल के अंत में वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में भी नजर आयेंगे। वहीं को लेकर ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि उनकी टीम लैबुशेन, उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ सहित इस सीरीज के लिए पिछले सत्र के अपने शीर्ष छह बल्लेबाजों को बनाये रख सकती है। इसके अलावा टीम में कैमरुन ग्रीन, ट्रेविस हेड और मिशेल मार्श भी रहेंगे।

भारत ने लगभग एक दशक से टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया पर जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। केवल उसे आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियंस ट्रॉफी में हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद से ही भारतीय टीम ने लगातार चार सीरीज जीती हैं।

# भारत ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीता

**बीजिंग (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में मेजबान चीन को 1–0 से हराकर रिकार्ड पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में लीग स्तर से लेकर फाइनल तक के सभी मैच जीते हैं। खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से मैच का एकमात्र विजयी गोल 67 वें मिनट में जुगराज सिंह ने किया। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ बार फिर साबित कर दिया है कि वह एशिया की नंबर एक टीम है। भारतीय टीम चीन के खिलाफ मुकाबले में पूरे समय हावी रही।

दोनो ही टीमें तीन क्वार्टर तक बराबरी पर रहीं पर चौथे क्वार्टर के 7वें मिनट में जुगराज सिंह ने शानदार गोल दागकर भारत को बढ़त दिला दी जो अंत तक बनी रही। इसके बाद चौथे क्वार्टर के बचे हुए समय में टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने चीन को वापसी का कोई मौका नहीं दिया।

पहले क्वार्टर का खेल बराबरी पर रहा। पहले क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने कई हमले किये पर चीन के डिफेंडर और गोलकीपर ने शानदार खेल दिखाते हुए उसे गोल में नहीं बदलने दिया।

# टी20 विश्व कप में खिताब जीतने मानसिक मजबूती बढ़ाने में लगी है भारतीय टीम-हरमनप्रीत




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि टी20 विश्व कप में जीत के लिए टीम को मानसिक मजबूती पर भी ध्यान देना होगा। जिससे दबाव के क्षणों में टीम न बिखरे। हरमनप्रीत ने कहा कि इसी कारण खिलाड़ी मानसिक सेहत को बेहतर बनाने पर ध्यान दे रहे हैं। इसका परिणाम विश्वकप में देखने को मिलेगा। भारतीय महिला टीम 2020 में टी20 विश्व कप के फाइनल में उपविजेता रही थी। इस बार उसे ग्रुप ए में छह बार की विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ शामिल किया गया है।

हरमनप्रीत ने कहा, हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के अंतिम 3–4 ओवर बेहद अहम होते हैं। कप्तान के अनुसार अंतिम 4–5 ओवर में मानसिक रूप से मजबूत टीम ही जीत जीती है। इसी को देखते हुए भारतीय टीम ने हाल ही में इस पर ध्यान केंद्रित दिया है ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पायें।

हरमनप्रीत ने फाइनल में भारतीय टीम के कमजोर प्रदर्शन को लेकर कहा कि उनकी टीम को साल 2020 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 85 रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं 2017 वनडे विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड से केवल नौ रन से वह जीत नहीं पायी। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में भी ऑस्ट्रेलिया के हाथों उसे नौ रन से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, हम इन कमजोरियों पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि टूर्नामेंट में इस बार हम इन बाधाओं को पार करने में सफल रहेंगे। टी20 विश्वकप अक्टूबर में यूएई में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

# विश्व शतरंज को लेकर डिंग लिरेन का बयान, कहा- गुकेश जीत के दावेदार, मेरे खेल में गिरावट आयी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गत चैंपियन डिंग लिरेन का मानना है कि नवंबर में होने वाले विश्व शतरंज के खिताब के लिए उनके भारतीय चैलेंजर डी गुकेश जीत के दावेदार हैं। डिंग लिरेन का मानना है कि, पिछले एक साल में उनके खेल में काफी 'गिरावट आयी है। बता दें कि, लिरेन और गुकेश इस समय यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी की चौकड़ी से सजी भारतीय टीम वर्तमान में लिरेन के चीन और मेजबान हंगरी के साथ शीर्ष स्थान पर है। लिरेन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, ''मैं अपने प्रतिद्वंद्वी (गुकेश) को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैम्पियनशिप में शायद मुझ से ज्यादा जीत का दावेदार है।

अभी उसकी रेटिंग भी मुझसे अधिक है।'' उन्होंने कहा, ''पिछले साल के मुकाबले में मेरे खेल में काफी गिरावट आयी है लेकिन लेकिन मैं रेटिंग के अंतर को पाटने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।'' चीन का 31 साल का यह खिलाड़ी सर्वकालिक सर्वोच्च रेटिंग हासिल करने वाला शतरंज खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल मई में रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोमनियाचची को हराकर वैश्विक खिताब का ताज जीता था। उन्हें हालांकि इसके बाद अवसाद से जूझने के कारण खेल से ब्रेक लेना पड़ा। लिरेन ने इस साल की शुरुआत में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में वापसी की और प्रतियोगिता में नौवें स्थान पर रहे। गुकेश ने अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और 17 साल की उम्र में विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने थे। वह मई में 18 साल के हो गए। प्रतिष्ठित खिताब और 2.50 मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि के लिए दोनों 20 नवंबर से 15 दिसंबर तक सिंगापुर में भिड़ेंगे। गुकेश अगर यह खिताब जीतने में कामयाब रहे तो वह महान विश्वनाथन आनंद के बाद चैम्पियन बनने वाले पहले भारतीय बनेंगे। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह ताज जीता। गुकेश विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी योजनाओं का खुलासा करने से बचते रहे हैं। उन से जब लिरेन के खिलाफ मैच के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने मौजूदा टूर्नामेंट के बारे में बात करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। मैं बेहतर शतरंज खेलने की उम्मीद कर रहा हूं।

मेरा ध्यान अभी ओलंपियाड पर है।'' लिरेन ने कहा 11 दौर के ओलंपियाड में स्वर्ण पदक के लिए भारत और चीन के बीच कड़ी टक्कर होने की संभावना जतायी। उन्होंने कहा, ''हम दोनों काफी मजबूत टीमें है। हमारे बीच स्वर्ण पदक का मैच होने की संभावना है। गुकेश ने कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमें मजबूत हैं। ओलंपियाड में ओपन वर्ग (पुरुष) में 196 टीमें और महिलाओं के प्रतियोगिता में 184 टीमें शामिल हैं। चेन्नई के इस युवा खिलाड़ी ने कहा, ''सभी देश मजबूत है, हमें हर दिन सही जज्बे के साथ खेलना होता है। हमारी टीम का माहौल काफी अच्छा है।

# सीएम हेल्पलाइन में जनवरी 2024 के पहले की नहीं रहे शिकायत लंबित

## कलेक्टर मैहर ने की सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी वाटड ने जिले के सभी अधिकारियों से कहा है कि सीएम हेल्पलाइन में जनवरी 2024 माह से पहले की कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आज शाम तक इन शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निराकरण संभव नहीं हो उनके बारे में स्पष्ट कारण की टीप सहित प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें। सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, डॉ0 आरती सिंह, आरती यादव , सीएमएचओ डॉ0 एलके तिवारी, डीईओ नीरव दीक्षित, ईई आरईएस अश्वनी जायसवाल, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, ईई पीआईयू एसपी तिवारी, खेल अधिकारी एसपी तिवारी सहित जिला एवं खण्ड स्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।





कलेक्टर मैहर ने विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। लंबित शिकायतों में राजस्व 1334, ऊर्जा 928, खाद्य विभाग 398, लोक स्वास्थ्य 128, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी 330 शिकायतों की संख्या अधिक लंबित पाते हुए कलेक्टर ने शीघ्र संतुष्टि पूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। ऊर्जा विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने पूरे जिले में विद्युत की अनियमित आपूर्ति और ट्रिपिंग की शिकायतों में सुधार लाने के निर्देश दिए। पीएचई की 330 लंबित शिकायतों में कलेक्टर ने कहा कि औसत से अधिक वर्षा होने के बावजूद हैंण्डपंपों में जलस्तर और संधारण संबंधी इतनी शिकायतें स्वीकार योग्य नहीं है। राजस्व की 1334 लंबित शिकायत में कलेक्टर ने तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अपर कलेक्टर और एसडीएम राजस्व की शिकायतों की अपने स्तर पर भी समीक्षा करें। कलेक्टर ने ताला लोक सेवा केंद्र की गतिविधियां शून्य पाये जाने पर संबंधित संचालक को नोटिस जारी कर किसी दूसरे संस्था को आवंटित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका और नगर पंचायत से संबंधित 478 लंबित शिकायतों को स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान निराकरण करने के निर्देश दिए।

समय सीमा प्रकरणों की बैठक में मैहर जिले का गौरव दिवस 5 अक्टूबर को मनाये जाने के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह ने खेल विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पालिका, महिला बाल विकास, एलडीएम, उच्च शिक्षा, मंदिर समिति को आयोजन की विभिन्न गतिविधियों के लिए सौंप गई जिम्मेदारियां के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिले के गौरव दिवस के आयोजन में और अमरपाटन, मैहर, रामनगर सहित पूरे जिले की सहभागिता दिखनी चाहिए

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट ने बढ़ाई प्रवेश की अंतिम तिथि

## अब 30 सितंबर तक एडमिशन ले सकेंगे छात्र



**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है।

जन संपर्क अधिकारी डॉ. जय प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया है।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में संचालित यूजी, पीजी स्तर के डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट स्तर के सभी नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश और प्रवेश के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीकरण 30 सितंबर 2024 तक कराया जा सकेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी विजिट किया जा सकता है। इसके अलावा संबंधित जानकारियां छात्र सहायता पटल पर भी उपलब्ध हैं। छात्र ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में आ कर या टेलीफोन के जरिए किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालीन समय में संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

# मैहर शारदा मंदिर का रोप वे 30 सितंबर तक बंद

## नवरात्रि मेले के लिए किया जाना है मेंटेनेंस

**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** विश्व भर में प्रसिद्ध मैहर के त्रिकूट पर्वत पर विराजीं माता शारदा के मंदिर में हाजिरी लगाने के लिए अगले कुछ दिनों तक श्रद्धालुओं को कठिन डगर पर चलकर सफर तय करना होगा। उन्हें 1065 सीढियां चढ़ कर ही माता के दर्शन सुलभ हो सकेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि मैहर मंदिर का रोप वे फिलहाल बंद कर दिया गया है।

मैहर में रोप वे का मेंटेनेंस और ऑपरेशन देखने वाली दामोदर रोप वे इंफ्रा लिमिटेड की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, रोप वे का संचालन 18 से 30 सितंबर तक बंद रहेगा। दरअसल, नवरात्रि मेले की शुरुआत के पहले रोप वे के रोप बदले जाने हैं तथा सुगमता एवं सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक मेंटेनेंस किया जाना है।

दामोदर रोप वे प्रबंधन ने मंदिर प्रबन्ध समिति के प्रशासक को इस संबंध में लिखित सूचना प्रस्तुत कर आश्वस्त किया है कि 1 अक्टूबर तक रोप वे का संचालन पुनः शुरू कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि 3 अक्टूबर से शुरू हो रही नवरात्रि पर मैहर में शारदीय नवरात्रि मेला लगेगा। प्रतिवर्ष चैत्र और क्वांर की नवरात्रि में देश भर से लाखों श्रद्धालु माता शारदा के दर्शन करने मैहर पहुंचते हैं। इसके अलावा भी वर्ष भर भक्तों का यहां आना लगा रहता है। रोप वे बंद होने पर भक्तों को सीढ़ियां चढ़ कर माता के दरबार तक पहुंचना होता है।

# समाधान दिवस में आवास समस्याएं लेकर पहुंची महिलाएं

## बोली- एक साल पहले फॉर्म भरा था, लेकिन अब तक आवास नहीं मिला

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित नगरीय समाधान दिवस में महिलाओं ने आवास और अन्य समस्याओं की कई शिकायतें दर्ज कराईं।



**शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन:** अधिशासी अधिकारी लाल यादव ने फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा शिकायतें सड़क और नालियों से संबंधित हैं। जिनका समाधान बजट मिलने के बाद किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बजट मिलने पर इन कामों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत की शिकायतें:** इस कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास न मिलने की शिकायत की। उनका कहना था कि उन्होंने लगभग एक साल पहले फॉर्म भरा था, लेकिन अब तक आवास नहीं मिला है। जबकि अन्य आवेदकों को आवास मिल चुके हैं। अधिशासी अधिकारी ने इस पर जांच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**ये अधिकारी और कर्मचारी रहे मौजूद:** समाधान दिवस में सभासद शंकर प्रसाद यादव, पवन बद्री, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रकाश निरीक्षक अशरफ खान और पीएम आवास योजना से जुड़े अधिकारी राजकुमार प्रवीण कुमार श्रीवास्तव समेत कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विंध्यांचल सेवा संघ विंध्य दर्शन का साक्षी : पं. रामनिवास



**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** गणेश उत्सव के अवसर पर विंध्यांचल सेवा संघ हैदरावाद के विशेष आमंत्रण पर तेलांगना की राजधानी हैदरावाद पहुंचे सिद्ध बाबा आश्रम मैहर के सेवक पं. रामनिवास उर्मलिया के साथ राजगुरु मनोज अग्निहोत्री, जितेंद्र शर्मा, गुड्डु तिवारी, राजेश परौहा ने भाग्य लक्ष्मी मंदिर, गणपति मंदिर, राणीसती मंदिर, जगनन्नाथ मंदिर में विद्वत आचार्यों के साथ पूजा-अर्चन की। विविध आयोजनों में सम्मान से अभिभूत पं. रामनिवास ने कहा कि विंध्यांचल सेवा संघ विंध्य विरासत की खुश्बू को हैदरावाद में बिखेरते हुए विप्र धर्म का बाखूबी निर्वाहन कर रहा है। हम उस विंध्य की धरा से आये हैं जहां वनवासी राम को रामत्व प्राप्त हुआ। विश्व में वैसे ही रामकथा सर्वश्रेष्ठ और कालजयी है। ऐसे अद्भुत प्रसंग विश्व के किसी वांग्मय में नही है। रामकथा की यही महत्ता है कि वह जाती-पांति, धर्म-संप्रदाय से परे सर्वग्राही व सर्वस्पर्शी है। समूचा विंध्य राम कहानी का ही पर्याय है। सो हम विंध्यवासी स्वयं को धन्य मानते हैं। विंध्य से आकर हैदराबाद को अपनी कर्मस्थली बनाने वाले हजारों लोगों की भावनाओं को देखते हुए रीवा से हैदराबाद के बीच एक ट्रेन चलाई जाय जिससे विंध्य के अस्तित्व में रची बसी भूगोल, संस्कृति का अक्षुण्य प्रवाह बना रहे।

आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित जगन्नाथ मंदिर के महंत अमृतदास खाकी, भाग्य लक्ष्मी मंदिर की ट्रस्टी एडवोकेट शशिकला, प्रधान पुजारी आचार्य जानकी ओझा, गणपति मंदिर के प्रधान पुजारी ओम प्रकाश तिवारी, संघ के अध्यक्ष सुनील पांडेय, उपाध्यक्ष रामशिरोमणि तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, आचार्य आदित्य नारायण, रामपाल पांडेय, राजन शुक्ला, कुलदीप तिवारी, संतोष पाठक, शशिनारायण द्विवेदी, महेश गौतम, जीवेश द्विवेदी, सोनू मिश्रा, संजय तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा, राघवेंद्र गौतम आदि।

# -166वां बलिदान दिवस-

## राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह: स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी

**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई ऐसे वीरों का योगदान है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। इन वीरों में गोंडवाना (गढ़ा कटंगा) साम्राज्य के राजा शंकर शाह और उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह का नाम अमर है। राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उनके बलिदान की पुण्य स्मृति में हर वर्ष 18 सितंबर को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

राजा शंकर शाह जबलपुर, मध्यप्रदेश के गोंड राजवंश के शासक थे। उनका जन्म गोंडवाना के वीर योद्धा परिवार में हुआ था। राजा शंकर शाह का शासन क्षेत्र वर्तमान मध्यप्रदेश के जबलपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों तक फैला हुआ था। वह न केवल एक बहादुर राजा थे बल्कि अपने राज्य और प्रजा की स्वतंत्रता के प्रति बेहद संवेदनशील भी थे। उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह भी अपने पिता की तरह वीर और स्वराज प्रेमी थे। राजा शंकर शाह ने अंग्रेजों के खिलाफविद्रोह की योजना बनाई थी। उनका मानना था कि अंग्रेज भारतीयों के स्वाभिमान और समृद्ध संस्कृति को नष्ट करने पर तुले हैं। उन्होंने अपने पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफसंघर्ष का बिगुल फूंका। सन् 1857 के विद्रोह के दौरान जब पूरे देश में अंग्रेजों के खिलाफविद्रोह की लहर चल रही थी, उसी समय राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने भी अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष की योजना बनाई। उन्होंने कविताओं और गीतों के माध्यम से जन-जागरण किया और जनता को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, लेकिन उनकी गुप्त योजनाओं की भनक अंग्रेजों को लग गई।

राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को अंग्रेजी सरकार ने 14 सितंबर 1858 को गिरफ्तार कर लिया। उन पर अंग्रेजों के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया गया। चार दिनों तक उन्हें कई प्रकार की यातनाएं दी गईं और आखिरकार 18 सितंबर 1858 को जबलपुर की कोतवाली के सामने सार्वजनिक रूप से दोनों वीरों को तोप के मुँह से बांधकर उडा दिया गया। इस प्रकार दोनों ही वीर देश के नाम शहीद हो गये। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का बलिदान न केवल गोंडवाना के इतिहास में बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अद्वितीय स्थान रखता है। उनका संघर्ष और बलिदान हमें यह सिखाता है कि मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्रोणोत्सर्ग भी कुछ नहीं है। उनका यह त्याग आने वाली पीढ़्यों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत बना रहेगा। दोनों वीर रणबांकुरों राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर हर साल 18 सितंबर को मध्यप्रदेश सहित पूरे देश में श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। उनके योगदान को याद कर हम यह संकल्प लेते हैं कि देश की स्वतंत्रता, अखंडता और समरसता बनाए रखने के लिए हमें भी उनके दिखाये मार्ग पर चलना होगा। उनका जीवन, साहस और बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है, जो सदियों तक भारतवासियों को प्रेरणा देता रहेगा।

**अमर शहीदों के सम्मान में......**

1. राज्य सरकार द्वारा हर साल 18 सितम्बर को बलिदान दिवस मनाया जा रहा

2. राज्य सरकार द्वारा छिन्दवाड़ा विश्वविद्यालय का नामकरण राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय किया गया है।

3. अमर शहीद शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान की याद में केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जबलपुर में करोड़ों रूपये की लागत से संग्रहालय सह स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है।

4. राज्य सरकार के स्वराज संस्थान द्वारा इन जनजातीय नायकों के जीवन पर एलबम भी तैयार किया गया है।

### मासूम बालक के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

# बहला फुसला कर ले गया था साथ, बंधक बना कर की घिनौनी हरकत की कोशिश

**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** बरौंधा थाना क्षेत्र में 8 वर्ष के मासूम बालक के साथ दरिंदगी की कोशिश करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बरौंधा थाना क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्षीय मासूम बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कृत्य का प्रयास करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरौंधा थाना पुलिस ने आरोपी बाबूलाल शिवहरे पिता रामगरीब शिवहरे (58) निवासी अर्जुनपुर (विशालपुर) थाना बरौंधा जिला सतना को बंदी बना कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 142, 296, 115, 351(3), पॉक्सो एक्ट की धारा 7, 8, 18 और एसटी/एससी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि गत 16 सितंबर को आरोपी ने 8 वर्षीय मासूम को काम के बहाने बहला फुसला कर अपने पास बुलाया और उसे अपनी अहरी में ले जाकर बंद कर लिया। उसने मासूम के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी और उसके रोने तथा एतराज जताने पर उसके साथ मारपीट की।

इसी दौरान मासूम की दादी उसे खोजते हुए वहां आ पहुंची तो आरोपी भाग खड़ा हुआ। पीड़ित ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# कृष्णा नगर मे आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम



**मीडिया ऑडीटर सतना निप्र।** "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत सतना शहर को स्वच्छ,सुंदर, कचरा मुक्त एवं स्वच्छता द्वारा बेहतर शहरी स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर (प्राथमिक विभाग) सतना में जागरूकता कार्यक्रम इं.धर्मेंद्र सिंह परिहार नगर पालिक निगम सतना के नेतृत्व में आयोजित हुआ जिसमें गणेश प्रसाद द्विवेदी (प्रधानाचार्य), बृजेंद्र त्रिपाठी, संतोष सोनी, संतोष तिवारी, वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, बृजबिहारी मिश्र,उमेश शुक्ला, सत्येंद्र कुशवाहा, सुनीता तिवारी ,ज्योति मिश्रा ,शिवांजलि तिवारी , अचला त्रिपाठी, प्रियनम सिंह ,निकिता पांडे तथा अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी से सतना को स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रथम स्थान दिलाने में अपनी अपनी सहभागिता निभाने का अनुरोध किया गया तथा कचड़ा चार भागों में गीला,सूखा,सेनेटरी तथा घरेलू हानिकारक अलग-अलग - निर्धारित हरी डस्टबिन व नीली डस्टबिन में गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक कचड़ा कलेक्शन (मांगने वाली) गाड़ी को देने का अनुरोध किया गया !


फल और सब्जी के छिलकों से होम कंपोस्टिंग करने का सभी से अनुरोध किया गया तथा सभी को मटका विधि से होम कंपोस्टिंग करने की विधि बताई गई! सभी से 4 आर अपनाने यानी कचरे की मात्रा को रिड्यूस,रीयूज, रीसाइकिल तथा सिंगल यूज़ पॉलीथिन को रिफ्यूज अर्थात इस्तेमाल न करने का अनुरोध किया गया! इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह द्वारा सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई! कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य श्री गणेश प्रसाद द्विवेदी द्वारा इंजीनियर धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार ज्ञापित किया गया तथा सभी से धर्मेंद्र सिंहजी द्वारा बताई गई जानकारी का पालन करने का अनुरोध किया गया।

# खाद्य तेलों के दामों में उछाल व सब्जियों के दाम ने बिगड़ा बजट

### 20 से 25 रूपए प्रति लीटर बढ़े भाव, दाल की कीमतों में आई तेजी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** त्योहारी सीजन शुरूआत से पहले ही आमजन को महंगाई का झटका लगा है। कच्चे रिफाइंड तेल पर आयात शुल्क केन्द्र सरकार के द्वारा लगाने के बाद बाजार में सरसों तेल एवं रिफाइंड तेल की कीमतें 20 से 25 रूपए लीटर तक अचानक बढ़ गई हैं। वहीं बारिश के कारण सब्जियों के दाम भी आसमान पर हैं। इसी समय दाल की बढ़ती कीमतों से पूरा बजट बिगड़ गया है।





व्यापारी बताते हैं कि त्योहारी सीजन के पहले व पितृपक्ष के पहले खाद्य तेलों के भाव नहीं बढ़ते थे। लेकिन इस बार पितृपक्ष में ही कीमतें बढ़ गई हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि त्योंहारी सीजन में इनके दाम अभी और बढ़ेंगे। वर्तमान में कुछ दिनों तक 110 रूपए बिकने वाला रिफाइंड तेल कीमतें 135 से 140 रूपए तक पहुंच गई है। इसके पीछे सरकार के द्वारा लगाया गया आयात शुल्क बताया जा रहा है। सरकार ने कच्चे तेल में लगाने वाली आयात शुल्क 20 फीसदी तक कर दिया है। इससे दाम बढ़ रहे है।

**धानिया व लहसुन 400 के पार :** सब्जी के साथ निः शुल्क मिलने वाली धनिया 400 के पार पहुंच गई है। वहीं लहसुन की कीमत भी 400 के ऊपर पहुंच गई है। इसके अतिरिक्त बारिश होने के कारण सब्जियों के दामों में अचानक वृद्धि हुई। वर्तमान में टमाटर की कीमतें जहां 40 से 50 प्रति किलो, आलू 30 से 35 रूपए प्रति किलो, बैंगन 30 से 40 रूपए प्रतिकिलो, लौकी 20 से 25 रूपए किलो, प्याज 50 से 60 रूपए प्रति किलो, मिर्ची 80 से 100 प्रति किलो पहुंच गई है। इससे लोगों को पूरा बजट बिगड़ गया है लोगों को परिवार चलना मुश्किल हो रहा है।

**दाल की दामों में उछाल:** पिछले दो महीनों में सब्जियों की दाम बढ़ने पर दाल की मांग बढ़ी है लेकिन इसके अनुरूप आपूर्ति कम होने के कारण दाल की कीमते भी पिछले दो महीने में काफी उछाल है। दाल में प्रति किलो 30 से 35 रूपए की वृद्धि हुई है। व्यापारी बताते हैं कि आने वाले समय में दाल की कीमतों और बढेंगी। वर्तमान में 160 रुपए बिकने वाली अरहर की दाली 195 रुपए हो गई है। इसी तरह मंगू की 140 रूपए से बढ़कर 180 रूपए तक पहुंच गई।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।